# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025


ईडी ने पेश किए ब्योरा में बताया, राजनीतिक, कारोबारी, नौकरशाह से जुड़े लोगों ने साठगांठ कर कैसे किया शराब घोटाला

# 2883 करोड़ का शराब घोटाला, अवैध उगाही के तीन तरीके, 81 आरोपी, इनकी 382 करोड़ की संपत्तियां जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पूर्ववर्ती शासनकाल में वर्ष 2019 से वर्ष 2023 के बीच शराब घोटाले की कंपलीट जांच करने तथा कोर्ट में फाइनल चालान पेश करने के बाद ईडी ने बयान जारी कर राजनीतिक सरपरस्ती में नौकरशाह तथा कारोबारियों ने मिलकर कैसे शराब घोटाले को अंजाम दिया, इसका विस्तृत ब्योरा पेश किया है। ईडी ने शराब घोटाला का फाइनल ▶▶| शेष पेज 7 पर

### आपूर्तिकर्ताओं से रिश्वत

ईडी के अनुसार घोटाला करने भाग-ए में घोटाले का कमीशन प्राप्त करने शराब आपूर्तिकर्ताओं से आधिकारिक बिक्री पर रिश्वत ली जाती थी, जिसकी सुविधा राज्य द्वारा भुगतान की जाने वाली लैंडिंग कीमत को कृत्रिम रूप से बढ़ाकर प्रदान की जाती थी, जिससे प्रभावी रूप से राज्य के खजाने के माध्यम से रिश्वत का वित्तपोषण होता था।



शराब घोटाले में 29 हजार 981 पन्नों का फाइनल चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के चर्चित ढाई हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाले में ईडी की विशेष अदालत में शुक्रवार को 29 हजार 981 पन्नों का अंतिम चालान पेश किया गया है। इस बात की पुष्टि बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने की है। बचाव पक्ष के वकील के अनुसार ईडी ने होटल कारोबारी लक्ष्मीनारायण उर्फ पप्पू बंसल सहित कुल 81 लोगों को आरोपी बनाया है। ईडी ने अब तक लक्ष्मीनारायण बंसल की गिरफ्तारी नहीं की है। बताया जा रहा है, लक्ष्मीनारायण बंसल के बयान के आधार पर ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य बघेल सहित अन्य लोगों को घोटाले में आरोपी बनाया है।

इनको आरोपी बनाया गया है

ईडी द्वारा कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट में जिन लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनके नाम इस प्रकार हैं... अनिल टुटेजा, अरविंद सिंह, अमित सिंह, मेसर्स अदीप एग्रोटेक, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, मेसर्स पेट्रोसन बायो रिफाइनरी, मेसर्स ढिल्लन सिटी मॉल, अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी, मेसर्स छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज, नवीन केडिया, भाटिया वाइन मर्चेंट्स, भूपेंद्र पाल सिंह भाटिया, वेलकम डिस्टलरीज, राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, सिद्धार्थ सिंघानिया, मेसर्स टॉप सिक्योरिटीज मैनेजमेंट,

### कार्टेल कमीशन

भाग-सी के तहत बाजार में हिस्सेदारी बनाए रखने और परिचालन लाइसेंस प्राप्त करने के लिए शराब बनाने वालों द्वारा वार्षिक रिश्वत दी जाती थी। एफएल-10 ए लाइसेंस विदेशी शराब निर्माताओं से कमीशन वसूलने के लिए एक नई लाइसेंस श्रेणी शुरू की गई थी, जिसमें से 60% लाभ सिंडिकेट को जाता था।

### आरोपियों को श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया

ईडी ने शराब घोटाला में पहले 22 लोगों को आरोपी बनाया था। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई, नए तथ्य सामने आते गए। इसके बाद 59 नए नाम जोड़कर कुल 81 लोगों को घोटाले में आरोपी बनाया गया है। आरोपियों का अलग-अलग श्रेणी में ▶▶| शेष पेज 7 पर

### इनकी भूमिका ऐसी रही

*तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा और चैतन्य बघेल सहित उच्च पदस्थ राजनीतिक हस्तियों पर उनके व्यापार, रियल एस्टेट परियोजनाओं में नीतिगत सहमति देने और पीओसी प्राप्त करने, उपयोग करने में उनकी भूमिका के लिए आरोप लगाए गए हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री कार्यालय की उप सचिव सौम्या चौरासिया को अवैध नकदी के प्रबंधन और अनुपालन करने वाले अधिकारियों की नियुक्तियों के प्रबंधन में प्रमुख समन्वयक के रूप में पहचाना गया था।*

### अनवर ढेबर, अरविंद सिंह गिरोह के लीडर

*ईडी के बयान के अनुसार शराब घोटाला के इस गिरोह का नेतृत्व अनवर ढेबर और उसके सहयोगी अरविंद सिंह ने किया। मेसर्स छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज लिमिटेड, मेसर्स भाटिया वाइन मर्चेंट्स और मेसर्स वेलकम डिस्टिलरीज सहित निजी निर्माताओं ने जानबूझकर शराब के अवैध निर्माण में भाग लिया और भाग-ए और भाग-बी कमीशन का भुगतान भी किया। सिद्धार्थ सिंघानिया (नकदी संग्रह) और विधु गुप्ता (नकली होलोग्राम आपूर्ति) जैसे सुविधाकर्ता भी इस धोखाधड़ी में प्रमुख निजी भूमिका निभाते पाए गए।*

### पौने चार सौ करोड़ से ज्यादा संपत्ति कुर्क

*शराब घोटाला को लेकर ईडी ने अब तक अलग-अलग लोगों की 382.32 करोड़ रुपए की एक हजार 41 संपत्तियां अस्थायी तौर पर कुर्क की है। जिन लोगों की संपत्ति कुर्क की गई है, उनमें नौकरशाह, राजनीति तथा कारोबारी जगत से जुड़े लोग शामिल हैं।*


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹101119/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹123500/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹134812/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

ANAND Jewels

Pandri, Raipur


## खबर संक्षेप

### धनखड़ को नहीं मिला सरकारी आवास

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के पांच महीने बाद भी जगदीप धनखड़ को अभी तक सरकारी आवास नहीं मिला है। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इस वर्ष संसद के मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके कुछ हफ्तों बाद, सितंबर में, उन्होंने अपने आधिकारिक आवास 'उपराष्ट्रपति एन्क्लेव' को खाली कर दिया था।

### आरआई से मिला 75 लाख नकद, कई इमारतें

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सतर्कता विभाग ने एक अतिरिक्त तहसीलदार के पास से 75 लाख रुपए नकद बरामद किए और उसके पास तीन इमारतें, एक फ्लैट और चार प्रमुख जगहों पर भूखंडों सहित कई संपत्तियों का पता लगाया। आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के आरोप पर कार्रवाई करते हुए कटक जिले के बारंग स्थित अतिरिक्त तहसीलदार की संपत्तियों पर छापेमारी की।

### अभिनेता मोहनलाल की मां का निधन

**कोच्चि।** अभिनेता मोहनलाल की मां शांताकुमारी अम्मा का मंगलवार को उनके आवास पर उम्र संबंधी जटिलताओं के कारण निधन हो गया। वह 90 वर्ष की थीं। मोहनलाल की मां कई वर्षों से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। उनके निधन के समय अभिनेता घर पर मौजूद नहीं थे। अभिनेता मम्मूटी सहित मोहनलाल के करीबी दोस्तों और उनके कई सहयोगियों ने बाद में उनके आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### असम-त्रिपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किए आतंकी संगठन से जुड़े मेंबर

# पूर्वोत्तर को दहलाने की साजिश नाकाम चौपट हुआ प्लान, हत्थे चढ़े 11 जिहादी

असम और त्रिपुरा से इमाम महमूद काफिला के 11 जिहादियों की गिरफ्तारी ने सनसनी मचा दी है। बांग्लादेशी आकाओं के इशारे पर सक्रिय इस मॉड्यूल का सरगना तमीम भी दबोचा गया है। भारत-बांग्लादेश तनाव के बीच यह कार्रवाई सीमा पार से रची जा रही गहरी साजिश को उजागर करती है। एसटीएफ को इनके पास से भारी मात्रा में आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं।

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

विशेष कार्य बल ने केंद्रीय एजेंसियों से प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर ये गिरफ्तारियां कीं। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त पार्थसारथी महंत ने प्रेसवार्ता में बताया कि सोमवार रात असम के



बारपेटा, चिरांग और दरांग जिलों के साथ-साथ त्रिपुरा में भी एक अभियान चलाया गया। हमने कुल 11 जिहादी तत्वों को गिरफ्तार किया है जो बांग्लादेश स्थित संगठनों के सीधे आदेशों पर काम कर रहे थे। पुलिस आयुक्त ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग इमाम महमूदर काफिला (आईएमके) मॉड्यूल के सदस्य थे। उन्होंने दावा किया, इनमें से 10 को असम से और एक को त्रिपुरा से पकड़ा गया। इनका मुख्य उद्देश्य असम और पूर्वोत्तर के बाकी हिस्सों में अस्थिरता फैलाना था। वे देश के इस हिस्से में 'मुस्लिम ▶▶| शेष पेज 7 पर



### इमाम महमूद काफिला क्या है?

इमाम महमूद काफिला (आईएमके) एक खतरनाक जिहादी मॉड्यूल है, जो मुख्य रूप से बांग्लादेश से संचालित होता है और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों, विशेषकर असम और त्रिपुरा में अपनी जड़ें जमाने की कोशिश कर रहा है। इस मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य असम और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र को अस्थिर करना है। यह संगठन 'गजवतुल हिंद' की कट्टरपंथी विचारधारा को फैलाने और इस क्षेत्र में अपना प्रभुत्व कायम करने के इरादे से काम ▶▶| शेष पेज 7 पर

### गिरफ्तार किए गए 11 की पहचान

असम से गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान नसीम उद्दीन उर्फ नजीमुद्दीन उर्फ तमीम (24), जुनाब अली (38), अफराहिम हुसैन (24), मिजानुर रहमान (46), सुल्तान महमूद (40), मोहम्मद सिद्दीक अली (46), रशीदुल आलम (28), महिबुल खान (25), शाहरुख हुसैन (22) और मोहम्मद दिलबर रजाक (26) के रूप में हुई है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि त्रिपुरा से जागीर मियां (33) को पकड़ा गया।

### सीमा पार की चुनौतियों पर सतर्कता जरूरी

असम में इन 11 जिहादियों की गिरफ्तारी भारत के लिए एक 'वेक-अप कॉल' है। बांग्लादेश के बदलते हालात ने पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। एसटीएफ की यह कार्रवाई दर्शाती है कि दुश्मन सीमाओं पर ही नहीं बल्कि राज्य के भीतर भी जाल बिछा रहा है। आने वाले दिनों में भारत-बांग्लादेश सीमा पर निगरानी और सख्त करने की जरूरत है ताकि पड़ोस में पल रही कट्टरपंथी विचारधारा का जहर भारतीय जमीन पर न फैल सके।

### त्रिपुरा से असम तक फैला जाल

*एसटीएफ की जांच में यह खुलासा हुआ है कि ये जिहादी पिछले काफी समय से सक्रिय थे। इनका नेटवर्क त्रिपुरा और असम के संवेदनशील इलाकों में फैला हुआ था। इनके पास से मिले दस्तावेजों से संकेत मिलते हैं कि वे न केवल फंडिंग जुटा रहे थे बल्कि नए कैडर्स की भर्ती के लिए एक व्यवस्थित 'जिहादी ढांचा' तैयार कर चुके थे। असम पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार किए गए इन 11 संदिग्धों से पूछताछ जारी है। इस पूछताछ से बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ इनके संबंधों और भारत में छिपे अन्य स्लीपर सेल्स की पहचान होने की संभावना है। केंद्र और राज्य की सुरक्षा एजेंसियां अब इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या इस नेटवर्क को बांग्लादेश की किसी नई राजनीतिक या धार्मिक शक्ति का संरक्षण प्राप्त है।*

महारानी अस्पताल में उपचार जारी

## आत्महत्या की कोशिश में विधायक की पत्नी ने खुद को मार लिया चाकू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की पत्नी सुमित्रा बघेल ने मंगलवार सुबह स्वयं को चाकू से मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। इसकी जानकारी लगते ही उन्हे गंभीर स्थिति में उपचार के लिए महारानी अस्पताल में लाया गया। पुलिस को दिए बयान में सुमित्रा बघेल (51) ने बताया कि मां के देहांत होने के बाद मानसिक रूप से परेशान थी। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे धारदार चाकू से अपने हाथों की नसों को काटने के साथ गले व पेट में वार किया। विधायक के सरकारी बंगले में मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

- मां के स्वर्गवास के बाद मानसिक रूप से थी परेशान

### मामले की जांच जारी

सीएसपी सुमीत कुमार डी धोत्रे ने बताया कि प्रारंभिक जांच और बयान से आत्महत्या करने की कोशिश की बात सामने आई है, जिसकी वजह मानसिक रूप से बीमार होना बताया गया है। फिलहाल पुलिस हर पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। आईसीयू में भर्ती मरीज से डाक्टरों ने 3-4 दिन तक बातचीत करने से मना किया है।

## रायपुर में आज विराट हिंदू सम्मेलन मुख्य वक्ता होंगे मोहन भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रदेशभर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर के पास अभनपुर स्थित सोनपैरी गांव में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन बुधवार को दोपहर तीन बजे किया गया है। दस एकड़ क्षेत्र में इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेशभर से 30 हजार से ज्यादा ▶▶| शेष पेज 7 पर



### राष्ट्रीय संत भी आएंगे

सोनपैरी गांव में होने वाले सम्मेलन में राष्ट्रीय संत असंग देव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में संत, समाजसेवी और आमजन भी शामिल होंगे।

## 3 मार्च को होलिका दहन, इस दिन होने वाले 10वीं-12वीं के पर्चे स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजूकेशन ने 10वीं-12वीं की 3 मार्च को होने वाली परीक्षाओं की तारीख में बदलाव कर दिया है। यह बदलाव होलिका दहन के कारण किया गया है। पंचांग के अनुसार, 3 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। बरसाने सहित भारत के कई स्थानों पर होली पर्व सप्ताह भर तक चलता है। अधिकतर जगहों में एक दिन पूर्व ही रंग खेलना ▶▶| शेष पेज 7 पर




### लीगल स्टडी और भाषा के पर्चे

कक्षा 12वीं की 3 मार्च से रीशेड्यूल की गई परीक्षा लीगल स्टडीज की है, जो अब 10 अप्रैल को होगी। वहीं 10वीं की कई भाषा और इलेक्टिव पेपर जो पहले 3 मार्च को होने वाले थे, उन्हें भी रीशेड्यूल किया गया है। इनमें तिब्बती, जर्मन, भोटी, बोडो, तांगखुल, जापानी, भूटिया, स्पेनिश, कश्मीरी, मिजो, ▶▶| शेष पेज 7 पर



डॉ. हिमांशु द्विवेदी

## सेरेंगेट्टी में शेर ऐसे दिखते हैं जैसे गांव में गाय

**घड़ी की सुईयां अब दोपहर के बारह बजाने को हैं, और हमारा वाहन सेरेंगेट्टी नेशनल पार्क के अंदर दाखिल हो रहा है। वाहन के संबंध में भी आपको यह जानकर हैरत होगी कि सफारी के लिए केवल एक ही कंपनी का एक ही मॉडल आको चहुंओर दिखाई देगा और वह है टोयोटा कंपनी की लैंड क्रूजर। ऐसा पार्क प्रबंधन या सरकार के किसी नियम के तहत नहीं बल्कि गुणवत्ता और उपयोगिता के आधार पर है। तमाम सफारी कंपनी लैंड क्रूजर को लेने के बाद जंगल पर्यटन के लिहाज से उसे तैयार कराती हैं। इसमें वाहन को पचपन सेंटीमीटर तक और लंबा किया जाना और छत को खास तरीके से खोला जाना शामिल हैं।**

हरिभूमि खास

उद्यान में दाखिल होते ही हमें झटका सा लगा। जंगल को लेकर हमारी कल्पना तो घने और ऊंचे वृक्षों की रहती है लेकिन यहां तो मीलों निगाह दौड़ाने पर भी कहीं कहीं कोई ठूंठ ही दिखाई दे रहा था। हर तरफ बस छोटी- बड़ी और सूखी या हरी घास ही जमीन पर बिछी दिखाई दे रही थी। हालांकि बाद में कुछ कुछ जगहों पर पेड़ भी दिखाई दिए लेकिन उनकी सीमित संख्या वन का अहसास तो बिल्कुल भी नहीं कराती।

पार्क में दाखिल होने दो तीन मिनट के भीतर ही हमारा सामना गणपति अर्थात हाथियों के समूह से हो गया। इनके कान हमारे भारत में पाये जाने वाले हाथियों के मुकाबले खासे बड़े थे। हमीद के अनुसार इन हाथियों को पालतू बनना नामुमकिन है क्योंकि इनका स्वभाव काफी आक्रामक है। एशियाई ▶▶| शेष पेज 7 पर

सफरनामा 3





### मसाई मारा

*मसाई मारा के जो यह दो शब्द हैं मसाई जनजाति और मारा नदी को अभिव्यक्त करते हैं। मसाई जनजाति का निवास क्षेत्र केन्या और उत्तरी तंजानिया का विशाल भूभाग ही है। मूलत पशुपालक इस समुदाय को ही राष्ट्रीय उद्यान बनने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। जिस जमीन पर उनके पूर्वज सैकड़ों सालों से रहते आए थे, वहां से उन्हें दूसरों के अपराधों के चलते विस्थापित होना पड़ा। गुलामी के काल खंड में विदेशियों ने आकर यहां बेहिसाब शिकार किया और उसकी सजा विस्थापन के रूप में इस समुदाय को भुगतना पड़ रही है। मारा नदी केन्या और तंजानिया के बीच बहती है महा प्रवासन के दौरान नदी में मौजूद घड़ियालों के द्वारा विल्डर बीस्ट का शिकार देखने जुलाई से सितंबर के बीच हजारों सैलानी दुनियाभर से यहां आते हैं।*





# 2025 में इन्हें मिला ये महत्वपूर्ण पुरस्कार और सम्मान



## टाइम सीईओ ऑफ द ईयर 2025: नील मोहन (यूट्यूब)


टाइम मैगज़ीन ने नील मोहन, जो भारतीय मूल के यूट्यूब के सीईओ हैं, को 'सीईओ ऑफ द ईयर 2025' चुना। क्योंकि, उन्होंने अपने शांत और दूरदर्शी नेतृत्व से यूट्यूब को वैश्विक डिजिटल संस्कृति और कंटेंट की दुनिया में एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म बनाया है, जो दुनिया के डिजिटल उपभोग को आकार दे रहा है, और उनकी नीतियां, जैसे कंटेंट मॉनिटरिंग और क्रिएटर्स को सपोर्ट करना, बेहद प्रभावशाली रही हैं। नील मोहन का जन्म इंडियाना (अमेरिका) के लाफायेट में हुआ, लेकिन 1985 में 12 साल की उम्र में वह परिवार के साथ लखनऊ आ गए।



## प्रोफेसर जयंत विष्णु नारलकर को विज्ञान रत्न

भारत के मशहूर एस्ट्रोफिजिसिस्ट यानी खगोल भौतिक विज्ञानी जयंत नार्लीकर को मरणोपरांत 'विज्ञान रत्न पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। उन्होंने बिग बैंग थ्योरी को चुनौती दी थी। प्रो. जयंत नार्लीकर के पिता विष्णु वासुदेव नार्लीकर मैथेमेटिशियन और थ्योरिटिकल फिजिसिस्ट थे। वो बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के मैथ्स डिपार्टमेंट में एचओडी थे। उनकी मां सुमाती नार्लीकर संस्कृत की स्कॉलर रहीं। नार्लीकर ने मंगला नार्लीकर से विवाह किया था, जो मैथमेटिक्स की रिसर्चर और प्रोफेसर थीं। दोनों की तीन बेटियां हैं। बीएचयू से बीएससी की डिग्री हासिल करने के बाद, नार्लीकर हायर एजुकेशन के लिए इंग्लैंड चले गए। यहां उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज में एडमिशन लिया। वो फिट्जविलियम कॉलेज के स्टूडेंट थे। नार्लीकर ने 1959 में मैथमैटिकल ट्राईपॉस पूरा किया।

## डेविड स्जेले ने जीता बुकर पुरस्कार




हंगरी मूल के ब्रिटिश लेखक डेविड स्जेले को उनके उपन्यास 'फ्लेश' के लिए इस वर्ष के बुकर पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया। मान्ट्रियल में एक हंगेरियन पिता और कनाडाई मां के घर जन्मे स्जेले का पालन-पोषण लंदन में हुआ। स्प्रिंग' व द इनोसेंट'उपन्यास, लघु कथा संग्रह टर्बुलेंस के भी रचयिता स्जेले को इससे पहले 2016 में उनके उपन्यास 'आल दैट मैन इज' के लिए बुकर पुरस्कार के लिए चयनित नामों की सूची में शामिल किया गया था। 'फ्लेश' उपन्यास की कहानी में भावनात्मक रूप से विमुख और उदासीन एक व्यक्ति की जीवन यात्रा उकेरी गई है, जो परिस्थितियों की विवशता में बिखर जाता है। बहरहाल, यह स्जेले की छठी कृति है। वे स्प्रिंग और द इनोसेंट उपन्यासों के साथ-साथ लघु कथा संग्रह 'टर्बुलेंस' के भी रचयिता हैं।

## एजुकेट गर्ल्स को मिला रमन मैगसेसे पुरस्कार

भारत के ग्रामीण और शैक्षिक रूप से वंचित क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा के लिए सामुदायिक तथा सरकारी संसाधन जुटाने के लिए समर्पित भारतीय गैर-लाभकारी संगठन 'फाउंडेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली' को वर्ष 2025 का रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया है। 2025 का रमन मैगसेसे पुरस्कार तीन विजेताओं को दिया गया। भारत का 'एजुकेट गर्ल्स' संगठन , मालदीव की शाहिना अली और फिलीपींस के फ्लावियानो एंटोनियो एल. विलानुएवा (मानवाधिकार और गरीबों की सेवा के लिए)।



## लास्ज़लो क्रास्ज़नाहोरकाई को मिला साहित्य में नोबेल पुरस्कार



वर्ष 2025 का साहित्य का नोबेल पुरस्कार हंगरी के लेखक लास्ज़लो क्रास्ज़नाहोरकाई को उनकी प्रभावशाली और दूरदर्शी कृतियों के लिये प्रदान किया गया है। लास्ज़लो क्रास्ज़नाहोरकाई एक हंगेरियन उपन्यासकार और पटकथा लेखक हैं। वे कठिन और जटिल शैली में रचित उपन्यासों के लिए जाने जाते हैं, जिन्हें सामान्यतया उत्तर-आधुनिक, डायस्टोपियन एवं विषादी उपन्यासों के रूप में वर्णित किया जाता है। उनकी प्रसिद्ध रचनाएं सैटान्टैंगो, द मेलन्कॉली ऑफ रेजिस्टेंस, वॉर एंड वॉर, सेइबो देयर बिलो, द लास्ट वुल्फ और द वर्ल्ड गोज़ ऑन हैं?




## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार भारत में बच्चों के लिए सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष 5 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को उनकी असाधारण क्षमताओं और सात श्रेणियों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दिया जाता है।



## शाहरुख-रानी-सुदीप्तो को मिला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में उत्कृष्ट सिनेमाई उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी ने क्रमश: जवान और 12वीं फेल के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार साझा किया। रानी मुखर्जी ने मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। इन पुरस्कारों ने भारत के क्षेत्रीय सिनेमा जगत की विविध फिल्मों और प्रतिभाओं को सम्मानित किया। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक हैं। ये पुरस्कार हर साल भारत सरकार द्वारा फिल्म निर्माण में उत्कृष्टता का जश्न मनाने के लिए दिए जाते हैं। ये पुरस्कार विभिन्न भाषाओं और शैलियों में सर्वश्रेष्ठ फिल्मों, प्रदर्शनों और तकनीकी उपलब्धियों को मान्यता देते हैं अन्य पुरस्कारों के विपरीत, राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अपनी निष्पक्ष और योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया के लिए जाने जाते हैं।

# इन बॉलीवुड फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर गाड़े झंडे




### धुरंधर

रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना स्टाटर धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। फिल्म ने वर्ल्डवाइड ₹872.25 करोड़ की कमाई कर कंतारा चैप्टर 1 को पछाड़ दिया। भारत में ₹700 करोड़ कमाकर यह 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। फिल्म की सफलता का सबसे बड़ा कारण इसकी दमदार कहानी, प्रभावशाली निर्देशन और कलाकारों का सशक्त अभिनय माना जा रहा है। एक्शन, ड्रामा और इमोशन्स का संतुलन दर्शकों को बार-बार सिनेमाघर तक खींच लाने में कामयाब रहा है। यही वजह है कि रिलीज के कई हफ्तों बाद भी फिल्म के शो हाउसफुल जा रहे हैं।

### छावा

विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना स्टारर छावा 14 फरवरी 2025 को रिलीज हुई छावा ने भारतीय बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ दुनियाभर में भी जमकर कमाई की है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक छावा ने भारत में 600 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड 797.34 करोड़ रुपए की कमाई की। इस कलेक्शन के साथ छावा नंबर वन पर बनी हुई है और अब तक कोई फिल्म इससे ज्यादा कलेक्शन नहीं कर पाई है।






### कांतारा: चैप्टर 1

कांतारा: चैप्टर 1 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की है, जिसने वर्ल्डवाइड लगभग 850 करोड़ रुपए (या इससे अधिक) का कलेक्शन किया, और भारत में भी 600 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया, जिससे यह 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक बन गई। यह फिल्म लगभग 130 करोड़ के बजट पर बनी थी और इसने अपने बजट से कई गुना ज्यादा मुनाफा कमाया। खासकर हिंदी वर्जन में भी इसने 224 करोड़ से ज्यादा की कमाई की।



### कुली

रजनीकांत स्टारर और लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित कुली 14 अगस्त को रिलीज हुई। फिल्म में रजनीकांत के नागार्जुन, सत्यराज, उपेंद्र, श्रुति हासन और आमिर खान जैसे सितारों ने काम किया है। फिल्म ने अब तक भारतीय बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में 449.5 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है। इसका बजट 350 करोड़ के आसपास था।

### सितारे जमीन पर


आमिर खान की सितारे जमीन पर भी टॉप 5 में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक सितारे जमीन पर ने दुनियाभर में 266.49 करोड़ रुपए की कमाई की। फिल्म में आमिर के साथ जेनेलिया देशमुख थी और इसमें दस नए एक्टर्स ने डेब्यू किया था।




# इस साल के धमाकेदार गाने जिन्होंने जीता दर्शकों का दिल

2025 बॉलीवुड म्यूजिक के लिए एक शानदार साल रहा। इस साल कई ऐसे गाने रिलीज हुए जो न सिर्फ चार्ट्स पर छाए रहे, बल्कि सोशल मीडिया पर वायरल होकर लोगों के दिलों में खास जगह बना ली। इस लिस्ट में फिल्म 'धुरंधर' के वायरल सॉन्ग '**FA9LA**' से लेकर कई गाने शामिल हैं।

## FA9LA



फिल्म धुरंधर का गाना 'FA9LA' इस साल का सबसे बड़ा सरप्राइज हिट रहा। बहरीन के रैपर फ्लिपराची और डैफी का ओरिजिनल अरबी रैप ट्रैक, जिसे फिल्म में अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की एंट्री के लिए इस्तेमाल किया गया। गाने में खलीजी बीट्स और हिप-हॉप का फ्यूजन है, जो बेहद एनर्जेटिक और कूल है। अक्षय खन्ना के स्टाइलिश डांस मूव्स और बेफिक्र अंदाज ने इसे वायरल बना दिया। कुछ दर्शकों ने तो इसे एनिमल के जमाल कुडु का नेक्स्ट वर्जन बताया। रिलीज होते ही यह गाना चार्ट पर टॉप पर रहा। तो हीं इंस्टाग्राम रील्स पर यह छाया रहा।


## आवन जावन



ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी की फिल्म 'वॉर 2' का रोमांटिक गाना 'आवन जावन' इस साल की बड़ी हिट्स में से एक है। प्रीतम के म्यूजिक में अरिजीत सिंह और निकिता गांधी की आवाज ने जादू बिखेर दिया। अमिताभ भट्टाचार्य के बोल पंजाबी टच के साथ बेहद खूबसूरत है। गाने में इटली की खूबसूरत लोकेशन पर फिल्माया गया यह गाना फिल्म की रिलीज से पहले ही नंबर वन पर छा गया।



## तुम मेरे हुए न सही



फिल्म 'थामा' का 'तुम मेरे हुए न सही' एक दिल छू लेने वाला रोमांटिक और इमोशनल गाना है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना स्टारर हॉरर-कॉमेडी 'थामा' का यह ट्रैक मधुबंती बागची की सुरीली आवाज में है, जबकि म्यूजिक सचिन-जिगर ने कंपोज किया। अमिताभ भट्टाचार्य के बोल बेहद गहरे हैं। गाने के लिरिक्स जैसे 'तुम मेरे न हुए न सही' हर दिल को छू गए। रिलीज के बाद इस गाने ने यूट्यूब पर लाखों व्यूज बटोरे और फैंस ने इस गाने पर जमकर रील्स

## साल की सबसे बड़ी हिट बनी 'लालो: कृष्णा सदा सहायते'

गुजराती फिल्म 'लालो: कृष्णा सदा सहायते' भारतीय सिनेमा में इस साल की सबसे बड़ी हिट साबित हुई। सिर्फ 50 लाख रुपए के बजट में बनी यह फिल्म अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली गुजराती फिल्म बन गई है। बॉक्स ऑफिस पर इसने 120 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। यह फिल्म भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली फिल्म बन गई है। इसने 24000 प्रतिशत मुनाफा कमाया है।



'लालो: कृष्णा सदा सहायते' ने फिल्म 'सीक्रेट सुपरस्टार' का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जायरा वसीम की अदाकारी वाली यह फिल्म 15 करोड़ रुपए में बनी थी और इसने 900 करोड़ रुपए कमाए थे। इसका मुनाफा 6000 प्रतिशत था। 'लालो: कृष्णा सदा सहायते' में कोई बड़ा स्टार नहीं था, कोई गाना-डांस नहीं था। इसमें कोई एक्शन भी नहीं था। यह भक्ति ड्रामा थी। फिर भी, यह कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों से बड़ी हिट साबित हुई। 'लालो: कृष्णा सदा सहायते' का निर्देशन अंकित सखिया ने किया है। इसमें रीवा राछ, श्रुहद गोस्वामी, करण जोशी और मिष्टी कदेचा ने अभिनय किया है। यह फिल्म 10 अक्तूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

रायपुर

बुधवार, 31 दिसंबर 2025

पौष शुक्ल पक्ष एकादशी

वर्ष: 24, अंक: 162

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

मौसम

अधि. 27.7

न्यून. 11.6

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





3 नए साल से पहले छुट्टी मनाने निकलीं

विचार पेज

4 भारत का साथ जरूरी या केवल दिखावा







# आईएएस अफसरों को नए साल का तोहफा, 20 अफसरों की पदोन्नति पर मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ शासन ने 20 आईएएस अधिकारियों के प्रमोशन को हरी झंडी दे दी है। मंत्रालय में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई डीपीसी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के इन सभी अधिकारियों की पदोन्नति का अनुमोदन किया गया है। कहा जा रहा है कि आज कल में पदोन्नति आदेश जारी हो सकता है।

इनमें एक प्रमुख सचिव, छह सचिव, आठ विशेष सचिव और पांच संयुक्त सचिव के पद हैं। प्रमुख सचिव के आधा दर्जन से अधिक पद खाली हैं, मगर 2001 बैच में शहला निगार अकेले आईएएस अफसर थीं, इसलिए उन्हें प्रमुख सचिव बनाने डीपीसी ने हरी झंडी दे दी। शहला इस समय सचिव कृषि और कृषि उत्पादन आयुक्त हैं। नए साल के दो दिन पहले ही इसका आदेश जारी कर दिया गया।

- शहला निगार प्रमुख सचिव, 6 सचिव, 8 विशेष सचिव, 5 अफसर संयुक्त सचिव बने
- मंत्रालय में हुई डीपीसी में प्रमोशन को मिली हरी झंडी

### ये बनेंगे संयुक्त सचिव

2017 बैच के पांच आईएएस अधिकारी संयुक्त सचिव बनाए जा रहे हैं। इनमें आकाश छिकारा, रोहित व्यास, मयंक चतुर्वेदी, कुणाल दुदावत और चंद्रकांत वर्मा शामिल हैं। इस बैच के तीन आईएएस कलेक्टर हैं, इनमें रोहित व्यास जशपुर, मयंक चतुर्वेदी रायगढ़ और कुणाल दुदावत कोरबा जिले में कलेक्टर हैं।



शहला निगार



डॉ. सारांश मित्तर



कार्तिकेय गोयल



जेपी मौर्या

### सचिव में मौर्या, मित्तर एल्मा, शर्मा और धर्मेश

2010 बैच के आईएएस अधिकारियों की सचिव पद की पदोन्नति नहीं हो पायी थी। इसमें जेपी मौर्या, कार्तिकेय गोयल, डॉ. सारांश मित्तर, पीएस एल्मा, रमेश शर्मा और धर्मेंद्र साहू हैं। रानू साहू भी इसी बैच की हैं, मगर निलंबित ▶▶| शेष पेज 7 पर


### आठ विशेष सचिव

डीपीसी ने 2013 बैच के आठ आईएएस अधिकारियों की विशेष सचिव के पद पर पदोन्नति मंजूर की गई है। गौरव सिंह, अजीत बसंत, विनीत नंदनवार, इंद्रजीत चंद्रवाल, जगदीश सोनकर, राजेंद्र कटारा और पीएस ध्रुव इसमें शामिल हैं। नम्रता गांधी भी 2013 बैच की हैं, मगर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर होने की वजह से उन्हें प्रोफार्मा पदोन्नति दी गयी है। इस बैच के चार आईएएस कलेक्टर हैं। गौरव सिंह रायपुर, अजीत बसंत सरगुजा, राजेंद्र कटारा बलरामपुर और इंद्रजीत चंद्रवाल खैरागढ़ शामिल हैं।

**बांग्लादेश में हिंदुओं के लिए 'खूनी दिसंबर'... 13 दिन 3 कत्ल**

# बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या बोला आरोपी- मैं मजाक कर रहा था

एजेंसी ▶▶| ढाका/नई दिल्ली



*पहले दीपू चंद्र दास, फिर अमृत मंडल और अब बजेंद्र बिस्वास... बांग्लादेश में हिंदू निशाने पर हैं। 13 दिन के अंदर ये 3 हत्याएं पड़ोसी देश की हकीकत बताती हैं। वैसे तो बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लंबे समय से हो रहे अत्याचारों की लंबी लिस्ट है, लेकिन दिसंबर का यह महीना वहां हिंदुओं के लिए किसी कयामत से कम नहीं रहा। दीपू चंद्र दास की बर्बरतापूर्ण हत्या से शुरू हुआ यह सिलसिला अब बजेंद्र बिस्वास तक पहुंच गया है।*

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे लगातार हमलों के बीच मयमनसिंह जिले से एक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। भालुका उपजिला स्थित एक गारमेंट फैक्ट्री के भीतर सुरक्षा ड्यूटी के दौरान हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखने वाले अंसार सदस्य बजेंद्र बिस्वास (42) की गोली लगने से मौत हो गई। इस मामले में उनके ही साथी नोमान मिया (29) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना ऐसे समय पर हुई है, जब देश में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।


यह वारदात सोमवार, 29 दिसंबर की शाम करीब 6:45 बजे मेहराबारी इलाके में स्थित सुल्ताना स्वेटर्स लिमिटेड (लाबीब ग्रुप) के अंदर हुई। पुलिस के मुताबिक, बजेंद्र बिस्वास और नोमान मिया, दोनों फैक्ट्री परिसर के भीतर बने अंसार बैरक में तैनात थे। बातचीत के दौरान नोमान ने सरकारी तौर पर जारी शॉटगन को मजाक में बजेंद्र की ओर तान दिया। इसी दौरान अचानक गोली ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अमृत मंडल: डाकू-डाकू का शोर मचाकर लिंचिंग

दीपू की हत्या के एक हफ्ते बाद राजबाड़ी जिले के पांगशा में 29 साल के अमृत मंडल उर्फ सम्राट की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। अमृत कुछ साथियों के साथ रात के समय शाहीदुल के घर गया था। अचानक वहां लोगों ने डाकू-डाकू का शोर मचा दिया। भीड़ ने अमृत को पकड़ लिया, उसके साथी भागने में सफल रहे। उग्र भीड़ ने अमृत पर तब तक लात-घूंसे और डंडे बरसाए, जब तक कि वह अधमरा नहीं हो गया। अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया।







### एकमात्र कमाऊ सदस्य

मृतक बजेंद्र बिस्वास सिलहट सदर के कादिरपुर गांव के रहने वाले थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य बताए जा रहे हैं। वहीं आरोपी नोमान सुनामगंज जिले के ताहेरपुर थाना क्षेत्र का निवासी है।

### 18 दिसंबर को दीपू दास की भी हुई थी हत्या

यह घटना अकेली नहीं है। इससे महज 11 दिन पहले, 18 दिसंबर को इसी भालुका इलाके में दीपू चंद्र दास नामक हिंदू युवक को कथित तौर पर पीट-पीटकर, निर्वस्त्र कर और जिंदा जलाकर मार डालने की घटना सामने आई थी। इन लगातार घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या बांग्लादेश के औद्योगिक और ग्रामीण इलाकों में हिंदू अब सुरक्षित हैं?

### हिंदू परिवारों को घरों में बंद कर लगा दी आग

अल्पसंख्यक देश में जगह-जगह नफरत के शिकार हो रहे हैं। शनिवार को आधी रात के बाद पिरोजपुर जिले में उपद्रवियों ने हिंदुओं के 5-6 घरों को आग के हवाले कर दिया था. घटना उस वक्त हुई, जब परिवार के लोग अंदर सो रहे थे। इतना ही नहीं बाहर से दरवाजे भी बंद कर दिए ताकि लोग निकल न पाएं। परिवार के लोगों ने जैसे-तैसे निकलकर जान बचाई।

### हादी की हत्या की नफरत में हदें पार

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन और मोहम्मद यूनुस की अगुआई में अंतरिम सरकार बनने के बाद से अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। नफरत की इस आग में घी का काम किया, इंकलाब मंच के कट्टरपंथी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी के साथ हुई घटना ने। हादी को 12 दिसंबर को ढाका में बाइक सवार दो हमलावरों ने गोली मार दी थी।

# दो बेगम की जंग खत्म, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री जिया नहीं रहीं

## पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने शोक जताया

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री खालिदा जिया का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की नेता खालिदा जिया के निधन के साथ ही बांग्लादेश में राजनीतिक लड़ाई का एक अध्याय समाप्त हो गया।



खालिदा जिया बांग्लादेश की स्थापना के कुछ सालों के बाद से सक्रिय राजनीति में थीं। बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं और एक नहीं बल्कि तीन-तीन बार देश की सत्ता पर काबिज रहीं। खालिदा जिया के निधन ने बांग्लादेश की उस सियासी लड़ाई को भी खत्म कर दिया, जिसे 'बेगमों की लड़ाई' कहा जाता था। बांग्लादेश की राजनीति में पिछले कई सालों से दो बेगमों के बीच ही सियासी लड़ाई चल रही है। एक ओर खालिदा जिया तो दूसरी ओर शेख हसीना। जिया ने देश में उथल-पुथल भरे सैन्य शासन के बाद लोकतंत्र की पुनर्स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और दशकों तक देश की राजनीति पर अपना दबदबा बनाए रखा था।

### जयशंकर अंतिम संस्कार में होंगे शामिल

विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार को ढाका में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जयशंकर खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में भारत सरकार और जनता का प्रतिनिधित्व करेंगे। जयशंकर 31 दिसंबर को ढाका की यात्रा करेंगे।

### बांग्लादेश में 'बेगमों की लड़ाई'

बांग्लादेश की राजनीति का सबसे चर्चित, तीखा और प्रभावशाली अध्याय है- 'बेगमों की लड़ाई'। यह लड़ाई सिर्फ दो नेताओं के बीच सत्ता संघर्ष नहीं था, बल्कि इसने पूरे देश की राजनीतिक संस्कृति, लोकतांत्रिक ढांचे, चुनावी व्यवहार, शासन शैली और जनमानस को गहराई से प्रभावित किया।

### पति की कब्र के बगल में किया जाएगा सुपुर्द-ए-ख़ाक

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को बुधवार को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। उन्हें उनके पति एवं पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र के बगल में दफन किया जाएगा। जिया का अंतिम संस्कार बुधवार को जोहर की नमाज के बाद मानिक मियां एवेन्यू में होगा। जिया को बाद में उनके पति, पूर्व राष्ट्रपति और बीएनपी के संस्थापक जियाउर रहमान की कब्र के बगल में, ढाका के शेर-ए-बांग्ला नगर स्थित जिया उद्यान में पूरे राजकीय सम्मान के साथ दफनाया जाएगा।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### सीएम रेड्डी ने तिरुपति मंदिर में की पूजा-अर्चना


**तिरुपति।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने तिरुमला स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में मंगलवार को पूजा-अर्चना की। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के अधिकारियों ने रेवंत रेड्डी का स्वागत किया और बाद में वे उन्हें दर्शन के लिए ले गए। मुख्यमंत्री ने आज तड़के भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। टीटीडी अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

### धोखाधड़ी, चार कांस्टेबल और पांच महिलाएं गिरफ्तार

**आइजो।** मिजोरम में नकली नशीले पदार्थों संबंधी धोखाधड़ी की घटनाओं के सिलसिले में चार कांस्टेबल सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आइजोल स्थित विशेष नारकोटिक्स पुलिस थाने की टीम ने एक खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चार पुलिसकर्मियों और पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया।

**सरकार की ऑनलाइन मंचों को चेतावनी**

# अश्लील, अभद्र, बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री पर लें फौरन एक्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र ने ऑनलाइन मंचों विशेषकर सोशल मीडिया कंपनियों को आगाह किया कि यदि वे अश्लील, अभद्र, बाल यौन शोषण से जुड़ी और अन्य प्रकार की गैरकानूनी सामग्री पर कार्रवाई करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानूनी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 29 दिसंबर 2025 को जारी परामर्श में सोशल मीडिया कंपनियों से अपने अनुपालन ढांचे की तत्काल समीक्षा करने और अपने मंच पर अश्लील एवं गैरकानूनी सामग्री के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है।

### ऐसी सामाग्री प्रसारित न हो

- अश्लील या गंदा हो
- पोर्नोग्राफिक हो
- बच्चों के यौन शोषण से जुड़ा हो
- बच्चों के लिए नुकसानदायक हो
- या किसी भी तरह से कानून के खिलाफ हो।

### क्या है आईटी नियम

*आईटी नियम, 2021 के तहत अनिवार्य है कि यदि किसी व्यक्ति या उसकी ओर से किसी अन्य द्वारा शिकायत की जाती है और सामग्री प्रथम दृष्टया किसी व्यक्ति को यौन कृत्य या आचरण में दर्शाती है या उसका प्रतिरूपण है तो मध्यस्थ 24 घंटे के भीतर ऐसी सामग्री को हटाएं या उस तक पहुंच निष्क्रिय करें। परामर्श में ऑनलाइन मंचों से अपने आंतरिक अनुपालन ढांचे, सामग्री नियंत्रण प्रक्रियाओं और उपयोगकर्ता प्रवर्तन तंत्र की तत्काल समीक्षा करने तथा आईटी अधिनियम व आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों का सख्त और निरंतर पालन सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।*


**राजस्थान में आज सेरेमनी**

# प्रियंका के बेटे रेहान की अवीवा बेग से हुई सगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी और उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा की सगाई की खबर सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही है। रेहान की सगाई अवीवा बेग से होने की बात कही जा रही है। दोनों परिवार इस रिश्ते से खुश हैं और बुधवार ▶▶| शेष पेज 7 पर

**प्रियंका के बेटे रेहान की अवीवा से हुई सगाई**



### रेहान हैं विजुअल आर्टिस्ट

रॉबर्ट वाड्रा और प्रियंका गांधी के बेटे रेहान एक विजुअल आर्टिस्ट हैं। अलग-अलग शहरों में रेहान अपने आर्टवर्क की प्रदर्शनी भी लगा चुके हैं। रेहान की कला में काफी रुचि है। रेहान का यही शौक है और पेशा भी।

**1.70 लाख रुपए के नकली नोट, कलर प्रिंटिग समेत कई सामान जब्त**

# यूट्यूब देखकर बनाया नकली नोट, पति-पत्नी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नकली नोट खपाने के मामले में पुलिस ने पति पत्नी को गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि ग्राम सोनपेरी मुजगहन रायपुर निवासी अरुण तुरंग और राखी तुरंग पति-पत्नी है। साप्ताहिक बाजार में खुलेआम नकली नोट चलाकर खरीदारी कर रहे पति-पत्नी को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा। खराब प्रिंट क्वालिटी और छूने में अलग एहसास ने ▶▶| शेष पेज 7 पर



### सोनपैरी पहुंची थी पुलिस

पुलिस पूछताछ में आरोपी आरोपी अरुण तुरंग ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि मशीन से 500 रुपए के असली नोट की फोटो कॉपी कर नकली नोट ▶▶| शेष पेज 7 पर

### छोटे व्यापारियों को बनाया निशाना

पीड़ित ग्राम सिलपट धमतरी निवासी सब्जी विक्रेता तुलेश्वर सोनकर ने बताया कि शाम करीब 5.30 बजे पुरुष और महिला ने उससे 60 रुपए के मटर और मिर्च खरीदे और बदले में 500 रुपए का थमा दिया। उसने बाकी पैसे लौटा दिए और नोट गल्ले में रख लिया। कुछ देर बाद अन्य व्यापारियों ने बाजार में नकली नोट चलने ▶▶| शेष पेज 7 पर

**रेलवे का 14 जनवरी से 14 जुलाई तक ऑफर**

# रेलवन ऐप से टिकट लेने पर तीन फीसदी छूट!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेल मंत्रालय 14 जनवरी से 14 जुलाई 2026 तक रेलवन ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकटों की खरीद और किसी भी डिजिटल माध्यम से भुगतान पर तीन प्रतिशत की छूट प्रदान करेगा। फिलहाल, यह रेलवन ऐप पर आर-वॉलेट भुगतान के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर तीन प्रतिशत 'कैशबैक' प्रदान करता है। इस संबंध में रेल मंत्रालय की ओर से रेलवे ▶▶| शेष पेज 7 पर



### अन्य प्लेटफॉर्म पर नहीं मिलेगी छूट

यह पेशकश किसी अन्य ऑनलाइन अनारक्षित टिकट खरीद प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध नहीं है। रेलवन ऐप पर अनारक्षित टिकट खरीदने और आर-वॉलेट के माध्यम से भुगतान करने वाले संभावित यात्रियों को तीन प्रतिशत 'कैशबैक' की पेशकश की जाती है।

### जादू से कम नहीं रेलवन ऐप

रेलवन ऐप से टिकट बुकिंग और कैंसिल कराना, रियल टाइम ट्रेन पूछताछ और लाइव स्टेटस, ई-कैटरिंग सेवा के माध्यम से भोजन की ऑनलाइन बुकिंग, शिकायत और सुझाव दर्ज कराना तथा उनकी स्थिति देखना, पार्सल बुकिंग कर सकते हैं। कई तरह की सर्विस को एक साथ करने के लिए इंटग्रेटेड किया जा रहा है।

### ऐप का कैसे करते हैं इस्तेमाल

प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से ऐप डाउनलोड करें। रेलकनेक्ट या यूटीएस मोबाइल ऐप के मौजूदा उपयोगकर्ता अपने पहचान के प्रमाण के साथ सीधे लॉग इन कर सकते हैं। नए यूजर्स को कम से कम जानकारी के साथ रजिस्टर्ड करा सकते हैं। ऐप यूजर्स को अपने मौजूदा रेलकनेक्ट या यूटीएस ऑन मोबाइल पहचान के प्रमाण का उपयोग करके प्रयोग करने की अनुमति देता है। सिंगल-साइन-ऑन सुविधा कई पासवर्ड याद रखने की आवश्यकता को कम करती है।

## ड्रैगन ने कहा- ट्रेलर हकीकत से दूर, झड़प के लिए भारत जिम्मेदार

# 'बैटल ऑफ गलवान' पर चीन हुआ नाराज, ऐसी फिल्में पैदा करती हैं 'तनाव'

### यह फिल्म अगले साल अप्रैल में होगी रिलीज

### जून 2020 में हुई थी गलवान घाटी में दोनों देश के सैनिकों के बीच झड़प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर रिलीज होते ही यह चर्चा और विवाद का केंद्र बन गई है। 27 दिसंबर को सलमान के जन्मदिन पर जारी किए गए इस टीजर में उन्हें भारतीय सेना के अधिकारी के रूप में दिखाया गया है। फिल्म 2020 में गलवान घाटी में हुई भारत-चीन झड़प पर आधारित है, जिसमें भारतीय सैनिकों ने अदम्य साहस और बलिदान दिखाया था। टीजर को जहां भारतीय दर्शकों ने इसे सराहा, वहीं चीन ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। चीनी मीडिया और नेटिजन्स का आरोप है कि फिल्म तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। ऐसी फिल्में 'ऐतिहासिक तथ्यों को बिगाड़ती हैं' और 'अनावश्यक तनाव पैदा करती हैं।'

**'भारत ने पहले सीमा पार की'**

*चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने मिलिट्री एक्सपर्ट सॉन्ग झोंगपिंग के हवाले से लिखा कि कोई भी फिल्म गलवान झड़प के फैक्ट को नहीं बदल सकती। सॉन्ग ने कहा कि पहले भारतीय सैनिकों ने सीमा पार की थी, जिसके जवाब में चीनी सैनिकों ने चीनी बॉर्डर की रक्षा की। अप्रैल 2020 से भारतीय सैनिकों ने एलएसी पर सड़कें, पुल और अन्य सुविधाएं बनानी शुरू की। चीन ने कई बार विरोध जताया, लेकिन भारत ने एलएसी पार की और उकसावे वाली हरकत की।*




### यह कहा भारत ने

मंगलवार को सरकारी सूत्रों ने कहा कि सिनेमा कलात्मक अभिव्यक्ति का एक माध्यम है और भारत इसे प्रतिबंधित नहीं करता है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प पर आधारित है।

### झड़प से चीन को ज्यादा नुकसान

बता दें, गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प 15–16 जून 2020 की रात को पूर्वी लद्दाख में हुई थी। चीन सरकार के मुताबिक इस झड़प में 4 चीनी अधिकारी और सैनिक शहीद हुए और एक गंभीर रूप से घायल हुआ जबकि अंतरराष्ट्रीय मीडिया के अनुसार चीन के 20 ज्यादा जवान मारे गए थे।

## यूएस थिंक टैंक की चेतावनी, भारत पाकिस्तान में छिड़ सकता है संघर्ष

**वॉशिंगटन।** भारत और पाकिस्तान के बीच आतंकवाद को लेकर जारी तनाव साल 2026 में सशस्त्र संघर्ष में बदल सकता है। इस बात की चेतावनी एक अमेरिकी थिंक टैंक ने दी है। इसके अलावा पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भी संघर्ष की आशंका जताई गई है। इस थिंक टैंक ने अमेरिकी फॉरेन पॉलिसी एक्सपर्ट्स का सर्वे किया है। यह थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) है। सीएफएआर का कहना है कि दोनों देशों के बीच सशस्त्र संघर्ष की संभावना अमेरिकी हितों पर भी असर डाल सकती है। सीएफआर ने 2026 में होने वाले संघर्षों को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में पाकिस्तान द्वारा सीमा पर आतंकवाद को लेकर चिंता जाहिर की गई है। गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मई में चार दिन तक लड़ाई चली थी। पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा किए गए हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारत ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे को निशाना बनाया गया। पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे। भारत और पाकिस्तान 10 मई को सैन्य टकराव समाप्त करने पर राजी हुए थे।



## खबर संक्षेप

### ट्रम्प बोले- ईरान पर फिर हमला करेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने को कहा है कि



अगर ईरान दोबारा अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को शुरू करने की कोशिश करता है, तो अमेरिका उस पर एक और बड़ा हमला कर सकता है। इसके साथ ही ट्रम्प ने फिलिस्तीनी संगठन हमास को चेतावनी दी कि अगर उसने हथियार नहीं डाले, तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। ट्रम्प ने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ सोमवार रात मुलाकात के दौरान पत्रकारों से यह कहा।

### एबीवीपी कार्यकर्ता की हत्या के मामले में सभी आरोपी बरी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की एक कोर्ट ने कैंपस फ्रंट के कथित कार्यकर्ताओं को 13 साल पहले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ता की हत्या के मामले में मंगलवार को बरी कर दिया। मावेलिक्कारा अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने यह फैसला सुनाया। एबीवीपी ने फैसले को निराशाजनक बताते हुए कहा कि वह इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 16 जुलाई 2012 को चेंगन्नूर के एक सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज में स्नातक छात्रों के स्वागत के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने आए विशाल की कैंपस फ्रंट के कार्यकर्ताओं द्वारा कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी।

### ब्रिटेन में मुनीर को मारने की धमकी

**लंदन।** ब्रिटेन के ब्रैडफोर्ड शहर में एक रैली को दौरान पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की समर्थक महिला ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को मारने की धमकी दी। इसके बाद पाकिस्तान ने ब्रिटेन से कड़ी नाराज़गी जताते हुए वहां के डिप्टी हाई कमिश्नर को तलब किया है। वीडियो में महिला पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को कार बम से मारने की बात करती नजर आती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने डिप्टी हाई कमिश्नर मैट कैनेल से कहा है कि इस महिला के खिलाफ जांच की जाए और सख्त कार्रवाई हो। पाकिस्तान का कहना है कि इस तरह की बातें बेहद गंभीर हैं।

### गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बोला तीखा हमला

# 'ममता सरकार बंगाल में घुसपैठ नहीं रोक सकती, हम चुन-चुनकर बाहर निकालेंगे'

### बंगाल में अगले साल होने हैं विधानसभा चुनाव

### राज्य में एसआईआर में लोगों का नाम कटना बना हुआ है बड़ा मुद्दा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के दौरे पर पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 15 साल में बंगाल भय, भ्रष्टाचार और घुसपैठ का शिकार हुआ है। शाह ने दावा किया कि 2026 में बीजेपी की सरकार बनने पर घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर किया जाएगा, विकास को तेज किया जाएगा और बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया जाएगा।

गृह मंत्री शाह ने कहा कि बंगाल की सीमा से हो रही घुसपैठ सिर्फ राज्य का नहीं, बल्कि पूरे देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की संस्कृति और सुरक्षा को बचाने के लिए बंगाल की सीमाओं को सील करने वाली सरकार जरूरी है। शाह ने दावा किया कि यह काम टीएमसी नहीं, बल्कि केवल भाजपा ही कर सकती है।



**14 सालों से भय-भ्रष्टाचार बंगाल की पहचान**

बता दें केंद्रीय गृह मंत्री शाह तीन दिवसीय पश्चिम बंगाल दौरे पर हैं। मंगलवार को प्रवास के दूसरे दिन गृह मंत्री ने कहा, '14 वर्षों से भय और भ्रष्टाचार, बंगाल की पहचान बना हुआ है। 'टीएमसी के 15 साल के शासन में भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और विशेषकर घुसपैठ से बंगाल की जनता भयभीत भी है, आशंकित भी है। हम बंगाल की जनता को आश्वासन भी देना चाहते हैं और वादा भी करते हैं कि मोदी जी के नेतृत्व में बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही यहां की विरासत को पुनर्जीवित करेंगे, विकास की गंगा फिर से तेज गति से बहेगी और गरीब कल्याण को प्राथमिकता देंगे।'

### घुसपैठिए बंगाल से ही आते तो क्या आपने पहलगाम करवाया : ममता

पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पश्चिम बंगाल दौरे को लेकर टीएमसी चीफ ममता बनर्जी करारा हमला बोला है। ममता ने बांकुरा की रैली में कहा, 'शकुनि का चेला दुशासन बंगाल में जानकारी इकट्ठा करने आया है। जैसे ही चुनाव आते हैं, दुशासन और दुर्योधन दिखने लगते हैं। आज वे (भाजपा) कह रहे हैं कि ममता ने जमीन नहीं दी। पेट्रापोल और अंडाल में जमीन किसने दी? वे कहते हैं कि घुसपैठिए सिर्फ़ बंगाल से ही आते हैं। अगर ऐसा है, तो क्या आपने पहलगाम में हमला किया था? दिल्ली में हुई घटना के पीछे कौन था?'

### एसआईआर है बड़ा घोटाला

ममता बनर्जी ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करके किया जा रहा है। उन्होंने इसे एक 'बड़ा घोटाला' करार दिया। बनर्जी ने 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले बांकुरा में एक रैली को संबोधित करते हुए यह दावा किया। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि एसआईआर के नाम पर गरीबों और आम आदमी को प्रताड़ित किया जा रहा है। खासकर मतुआ समाज में इस प्रक्रिया को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है और कई इलाकों में सुनवाई भी चल रही है।

**शोनार बांग्ला का दावा 'मजाक'**

बनर्जी ने हर चुनाव से पहले भाजपा के 'शोनार बांग्ला' (समृद्ध पश्चिम बंगाल) बनाने के दावे का भी मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में भाजपा 'शोनार बांग्ला' बनाने का वादा करती है। भाजपा शासित सभी राज्यों में बंगाली भाषी लोगों पर अत्याचार हो रहे हैं, ऐसे में वे 'शोनार बांग्ला' कैसे बनाएंगे?'

### बीएमसी चुनाव में सीट शेयरिंग से आठवले हुए नाराज

# 'भाजपा ने बड़ा धोखा दिया 38 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



महाराष्ट्र की सियासत में महायुति के भीतर खींचतान खुलकर सामने आ गई है। केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख रामदास अठावने ने बीएमसी चुनाव के लिए सीट बंटवारे में अपनी पार्टी को बाहर रखे जाने को विश्वासघात करार दिया। उन्होंने साफ किया कि उनकी पार्टी 38 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि बाकी सीटों पर भाजपा और शिवसेना को समर्थन देती रहेगी। आठवले ने कहा कि बीएमसी चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर जो फैसला हुआ, उससे आरपीआई (ए) के कार्यकर्ताओं में भारी नाराज़गी है। उन्होंने कहा कि देर रात केवल सात सीटों का प्रस्ताव देना व्यावहारिक नहीं था और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### नाराजगी की वजह

आठवले के मुताबिक, मुंबई में आरपीआई (ए) की ताकत वंचित बहुजन अघाड़ी से ज्यादा है, इसके बावजूद उनकी पार्टी को नजरअंदाज किया गया। इससे पूरे महाराष्ट्र में पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ऐसे नेताओं में से नहीं है जो समय के हिसाब से बात बदलें। पार्टी और कार्यकर्ताओं की गरिमा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। अगर कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं बचेगा, तो पार्टी का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा।

### महायुति में अलग-अलग राह

बीएमसी चुनाव में जहां भाजपा और शिवसेना ने सीट बंटवारे की घोषणा कर दी है, वहीं महायुति की एक और सहयोगी पार्टी, एनसीपी, भी अलग राह पर है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी बीएमसी चुनाव अपने दम पर लड़ रही है। इस बीच, महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख मंगलवार को समाप्त हो रही है। ऐसे में महायुति के भीतर सीटों को लेकर चल रही यह खींचतान चुनावी माहौल को और दिलचस्प बना रही है।

### रशिया ने यूक्रेन पर लगाया है आरोप

# पुतिन के घर पर ड्रोन हमला प्रधानमंत्री मोदी ने जताई चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास पर यूक्रेन के कथित ड्रोन हमले की खबरों पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गंभीर रूप से चिंता जताई है। एक्स पर की गई एक पोस्ट में पीएम ने कहा कि 'रूसी संघ के राष्ट्रपति के घर पर हमले की खबरों से हम बेहद चिंतित हैं।

शत्रुता को समाप्त करने और शांति प्राप्त करने का सबसे बेहतर और कारगर मार्ग मौजूदा दौर में चल रहे राजनयिक प्रयास ही हैं। हम सभी संबंधित पक्षों से यह आग्रह करते हैं कि वे इन प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करें और इन्हें कमजोर करने वाले किसी भी कार्य से बचें।' रूस की तरफ से ये दावा किया गया है कि यूक्रेन ने करीब 91 ड्रोन की मदद से मास्को के उत्तर में नोवगोरोड क्षेत्र की तरफ से राष्ट्रपति के घर पर हमला करने की कोशिश की थी।

### यूक्रेन ने हमले से किया इनकार

इन सबके बीच यूक्रेन ने रूस पर ऐसे किसी भी हमले से साफ इंकार किया है। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने एक्स पोस्ट के जरिए कहा, हमने कोई हमला नहीं किया है। सिबिहा ने भारत के प्रधानमंत्री द्वारा रूस के राष्ट्रपति के घर पर हुए हमले को लेकर जताई गई चिंता पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि हम ये देखकर परेशान हैं कि उक्त घटना को लेकर भारत समेत अमीरात देशों और पाकिस्तान ने चिंता जताई है, जबकि 24 घंटे बाद भी रूस ने कोई सबूत नहीं दिया है।

### देश में साल भर में 2,360 एटीएम बंद

**नई दिल्ली।** डिजिटल पेमेंट की बढ़ती पॉपुलैरिटी के कारण अब एटीएम (एटीएम) का इस्तेमाल कम हो रहा है। इसका सीधा असर देश भर में लगे ऑटोमेटेड टेलर मशीनों की संख्या पर पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 'ट्रेंड एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग इन इंडिया' रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में देश में कुल एटीएम की संख्या 2,360 यूनिट तक कम हो गई है। 31 मार्च 2025 तक देश में कुल एटीएम की संख्या 2,51,057 रह गई, जबकि पिछले साल (वित्त वर्ष 2024) यह आंकड़ा 2,53,417 था। आरबीआई ने कहा कि ग्राहक रोजमर्रा के लेन-देन के लिए नकदी निकालने के बजाय डिजिटल चैनलों का इस्तेमाल ज्यादा कर रहे हैं, जिससे एटीएम की जरूरत कम हो गई है।

### अरब की धरती पर जंग की आहट


# सऊदी ने यमन में बमबारी कर यूएई के जहाज को किया तबाह



एजेंसी ▶▶| रियाद

सऊदी अरब ने मंगलवार को दक्षिणी यमन में एक अमीराती शिपमेंट पर बमबारी कर उसे तबाह कर दिया। सऊदी ने यमन के मुकल्ला बंदरगाह को निशाना बनाया है, उसका दावा है कि मुकल्ला पोर्ट पर उसने अटैक तब किया जब वहां यूएई के जहाज वहां हथियारों की अनलोडिंग कर रहे थे। रियाद ने कहा कि उसने उन हथियारों और गाड़ियों को निशाना बनाया जो यूएई के पूर्वी तट पर एक बंदरगाह शहर फुजैराह से आए जहाजों से यमन के मुकल्ला बंदरगाह पर पहुंचे थे। इधर, सऊदी अरब के साथ वाले गठबंधन ने अमीराती सेना 24 घंटे के भीतर यमन से हटाने पर तबाही मचाने की धमकी दी है।

### अमीराती सेना को 24 घंटे के भीतर यमन से हटाने का दिया अल्टीमेटम



### जंग का नया मोर्चा खुलने का खतरा पैदा

यूएई ने सउदी के आरोपों का खंडन किया। हालांकि अमीराती विदेश मंत्रालय ने हथियारों की खेप भेजने से इनकार कर दिया, लेकिन स्वीकार किया कि उसने वाहन यमन में काम कर रही यूएई सेनाओं के इस्तेमाल के लिए भेजे थे। यूएई ने यह नहीं कहा कि वह मांग के अनुसार यमन से हट जाएगा। इस टकराव से यमन के एक दशक लंबे युद्ध में एक नया मोर्चा खुलने का खतरा पैदा हो गया है, जिसमें ईरान समर्थित हूतियों के खिलाफ गठबंधन वाली सेनाएं अरब दुनिया के सबसे गरीब देश में एक-दूसरे पर निशाना साध सकती हैं, जो लंबे समय से अकाल और बीमारियों से जूझ रहा है।

### इस भारतीय चैनल ने दुनियाभर में मचाई हलचल, कमाए 38 करोड़

# 'बंदर अपना दोस्त' ग्लोबल एआई वीडियो चार्ट में नंबर 1

### भारत में है सबसे ज्यादा देखे जाने वाला एआई कॉन्टेंट चैनल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एआई कॉन्टेन्ट को लेकर जहां हर तरफ शोर मचा हुआ है। वहीं अब एएक नई ग्लोबल स्टडी में खुलासा हुआ है कि यूट्यूब पर एआई-जेनरेटेड कॉन्टेन्ट का सबसे ज्यादा देखे जाने वाला चैनल भारत में है। जी हां, एआई वीडियो बनाकर यह चैनल हर साल करीब 4.25 मिलियन डॉलर (करीब 38 करोड़ रुपये) की कमाई कर रहा है। वीडियो-एडिटिंग प्लेटफॉर्म कैपविंग द्वारा पब्लिश इस रिपोर्ट में दुनिया के 15,000 सबसे लोकप्रिय यूट्यूब चैनलों का ऐनालिसिस किया गया। इसमें सैकड़ों ऐसे चैनलों की पहचान की गई जिन पर एआई-जनरेटेड, लो-क्वॉलिटी वाले 'एआई स्लॉप (एआई slop)'कॉन्टेन्ट की भरमार है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 278 चैनलों पर पूरी तरह से 'एआई स्लॉप' कॉन्टेन्ट वाले हैं। इन चैनलों ने मिलकर 63 अरब से अधिक व्यूज़ और 221 मिलियन सब्सक्राइबर्स हासिल किए।



**2.07 अरब से अधिक व्यूज़**

अध्ययन में पहचाना गया सबसे ज्यादा देखे जाने वाला 'एआई स्लॉप' चैनल 'बंदर अपना दोस्त' है। इस चैनल पर एनिमेटेड शॉर्ट्स दिखाए जाते हैं जिनमें मानवीय गुणों वाला एक बंदर और हल्क जैसे ताकतवर शरीर वाला एक किरदार कॉमिक और अजीब परिस्थितियों में नजर आते हैं। इस चैनल को अब तक 2.07 अरब से अधिक व्यूज़ और 27.6 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर्स मिल चुके हैं। इसकी तेज ग्रोथ इस बात को दिखाती है कि बेहद कम लागत में बनाया गया एआई कॉन्टेन्ट भी किस तरह एक बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंच बना सकता है।

### लोकप्रियता की वजह

टेक्नोलॉजी और डिजिटल अधिकारों पर रिसर्च करने वाली रिसर्चर रोहिणी लक्षाने ने कहा कि 'बंदर अपना दोस्त' की लोकप्रियता की सबसे बड़ी वजह इसका बेतुका प्रेजेंटेशन, अति मर्दानगी वाले किरदार और किसी स्पष्ट कहानी का न होना है जिससे नए दर्शकों के लिए इसे देखना और समझना आसान हो जाता है। 'बंदर अपना दोस्त' जैसे चैनलों की सफलता यह दिखाती है कि ऑटोमेटेड कॉन्टेन्ट वैश्विक स्तर पर बड़ी दर्शक संख्या आकर्षित करने और भारी रेवेन्यू कमाने की क्षमता रखता है। कैपविंग के विश्लेषण में यह भी पाया गया कि यूट्यूब पर यूजर्स को दिखाए जाने वाले कॉन्टेन्ट में एआई-जनरेटेड वीडियो का हिस्सा काफी बड़ा हो गया है।

## कई कलाकारों के लिए बेहतरीन होने वाला है साल 2026

# ये कलाकार बड़े पर्दे पर करेंगे डेब्यू, दिखाएंगे अभिनय का जलवा

*नई दिल्ली। साल 2026 दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस साल कई कलाकार बॉलीवुड की फिल्मों से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए रेडी हैं। इनमें कई सेलेब्स की संतानें हैं। पिछले साल राशा थडानी, जुनैद खान और खुशी कपूर जैसे कलाकारों ने बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू किया था। आइए जानते हैं साल 2026 में कौन से कलाकार बड़ी स्क्रीन पर नजर आ सकते हैं।*

**सुहाना खान** : शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान 2026 में बड़ी स्क्रीन पर नजर आने वाली हैं। वह शाहरुख खान स्टारर 'किंग' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की अभी रिलीज की तारीख तय नहीं हुई है। सुहाना खान ने 'द आर्जीच' से एक्टिंग में कदम रखा था। यह फिल्म साल 2023 में ओटीटी पर आई थी।

**अगस्तय नंदा** : अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा साल 2026 में बॉलीवुड फिल्म 'इक्कीस' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अगस्त्य परमवीर चक्र प्राप्तकर्ता मेजर अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाएंगे। अगस्त्य नंदा पहली बार 'द आर्चीज' में नजर आए थी। यह फिल्म ओटीटी पर आई थी।








**सिमर भाटिया** : अभिनेत्री सिमर भाटिया 2026 में फिल्म 'इक्कीस' से डेब्यू करने वाली हैं। वह अक्षय कुमार की भांजी हैं। फिल्म में वह अगस्त्य नंदा के साथ नजर आएंगी। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। इसमें दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र नजर आएंगे।

**यशवर्धन आहूजा** : खबरें हैं कि गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा एक फिल्म में काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जाता है कि यह फिल्म रोमांटिक होगी। इसका निर्देशन साउथ के निर्देशक साई राजेश कर रहे हैं।

**मेधा राणा** : मेधा राणा फिल्म 'बॉर्डर 2' से बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इसमें वह वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। मेधा राणा सीरीज 'लंदन फाइल्स' में नजर आई थीं। इसमें अर्जुन रामपाल और पूरब कोहली अहम किरदार में थे। अब वह बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं।




## रणबीर की लव एंड वॉर दोबारा हुई पोस्टपोन

**मुंबई।** रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की स्टाटर फिल्म 'लव एंड वॉर' एक बार फिर से पोस्टपोन हो गई है। पहले मार्च और मई में आने के लिए शेड्यूल हुई इस मूवी की रिलीज आगे बढ़ गई है, जिससे नितेश तिवारी की 'रामायणम' की टीम निराश हो गई है। रणबीर कपूर के दो बड़े प्रोजेक्ट पाइपाइन में हैं। एक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' और दूसरी नितेश तिवारी की 'रामायणम'। दोनों के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। हालांकि, उन्हें अभी लंबा इंतजार करना होगा। क्योंकि, जहां रहले भंसाली की फिल्म मार्च, 2026 में रिलीज होने के लिए तैयार थी, वहीं, इसे एक बार फिर से पोस्टपोन कर दिया गया है। जिससे 'रामायणम' की टीम निराश हो गई है, क्योंकि उनकी फिल्म दिवाली पर थिएटर्स में आनी है। दरअसल, 'लव एंड वॉर' पहले मार्च, 2026 में रिलीज की जा रही थी। लेकिन, फिर इसे मई, 2026 में पोस्टपोन कर दिया गया।

# नए साल से पहले छुट्टी मनाने निकलीं

*अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नए साल का जश्न मनाने के लिए किसी नई जगह पर रवाना हुई हैं। उन्होंने काम से छुट्टी ली और वह घूमने निकल गईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी कुछ झलकियां साझा की हैं। 'सीता रामम' फेम अभिनेत्री ने अपनी शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनकी तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींचा है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई



मृणाल ठाकुर ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह काफी खुश हैं। एक तस्वीर में उन्होंने चश्मे के साथ पोज दिया है। एक दूसरी तस्वीर में वह रोड के किनारे पोज दे रही हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वह आइसक्रीम का आनंद ले रही हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा है 'बहुत जरूरी'। इसके साथ उन्होंने कई इमोजी बनाए हैं। इसे देख कर लगता है कि वह छुट्टी के दौरान घूमने-फिरने, खाने और आराम करने को सबसे ज्यादा जरूरी चीज बता रही हैं। मृणाल ठाकुर की पोस्ट पर कई फैंस ने दिल वाले इमोजी के साथ कई कमेंट किए हैं। एक फैन ने उन्हें क्यूट बताया है, तो दूसरे ने लिखा, 'आप एक्सप्रेशन क्वीन और ब्यूटी क्वीन हैं।' एक यूजर ने मिस वर्ल्ड कह कर संबोधित किया है। मृणाल ठाकुर जल्द ही अदिवी शेष और अनुराग कश्यप के साथ फिल्म 'डकैत' में नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। वह फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का भी हिस्सा होंगी। इसका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यही नहीं मृणाल ठाकुर 'है जवानी तो इश्क होना है' और 'पूजा मेरी जान' का भी हिस्सा होंगी।

# रश्मिका और विजय उदयपुर में करेंगे शादी..!



*मुंबई। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार्स रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर खबर है कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगे। अक्टूबर में परिवार की मौजूदगी में गुपचुप सगाई करने के बाद अब दोनों 2026 में जीवनसाथी बनने के लिए तैयार हैं। अब वेडिंग डेट और वेन्यु को लेकर एक खुलासा हुआ। 'रश्मिका और विजय की शादी 26 फरवरी 2026 को उदयपुर के एक महल में होने वाली है। उन्होंने एक ऐतिहासिक प्रॉपर्टी को फाइनल किया है। सगाई की तरह ही शादी को भी एकदम निजी रखे जाने की प्लानिंग है। सिर्फ उनके करीबी लोग ही शामिल होंगे।'*

KRIBHCO
Cooperative and beyond...
कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड
छत्तीसगढ़ में एच एंड टी ठेकेदारों की पूर्व-योग्यता
कृभको छत्तीसगढ़ राज्य में रेक के माध्यम से रेलवे स्टेशनों पर प्राप्त HDPE/BOPP bags में 40/45/50 किलोग्राम वजन वाले उर्वरकों की निकासी, हैंडलिंग और अग्रेषण, गोदामों में हैंडलिंग और उसके बाद सहकारी खुदरा केंद्रों, फीडर गोदामों आदि जैसे विभिन्न स्थानों पर परिवहन के लिए हैंडलिंग और परिवहन ठेकेदारों की पूर्व-योग्यता/पंजीकरण हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।
इच्छुक, प्रतिष्ठित और आर्थिक रूप से सक्षम H&T ठेकेदार, जो अपनी योग्यता सिद्ध कर चुके हैं, SMM (राज्य विपणन प्रबंधक) से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं या हमारी वेबसाइट: https://kribhco.net/pages/other/tender.php से डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित प्रारूप में भरे हुए दस्तावेज वेबसाइट पर 21.01.2026 शाम 5:00 बजे तक या उससे पहले पंजीकरण करके जमा करने होंगे।
किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृभको के राज्य विपणन प्रबंधक से किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे के बीच संपर्क किया जा सकता है। कृभको अपने विवेकानुसार किसी भी या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने, या आवेदन प्राप्ति, स्वीकृति और/या खोलने की अंतिम तिथि को स्थगित/विस्तारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में कृभको का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
मौजूदा ठेकेदारों को भी पूर्व-योग्यता के लिए नए सिरे से आवेदन करना होगा। विज्ञापन हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है, साथ ही आवेदन पत्र, सॉल्वेंसी प्रमाणपत्र और शपथ पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों के निर्धारित प्रारूप भी उपलब्ध हैं।
राज्य विपणन प्रबंधक
कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड
राज्य विपणन कार्यालय,
नीलश्री विहार रोड, सिटी पैराडाइज अपार्टमेंट के पास, खनिज नगर, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़
फोन नंबर : 0771-4910664, 9599668139, ईमेल : kribhcoraipur@gmail.com






## चिंतन

# चीन के नियम '50' से सीख ले भारत

अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच चीन अब लगातार अपने देश में बने सामान को ही बढ़ावा दे रहा है। इसके लिए ड्रैगन 50 फीसदी का नया नियम लेकर आया है। यह नियम सभी चिप कंपनियों पर लागू होगा। इसके तहत अब चीन में लगने वाली नई या पुरानी फैक्ट्रियों का विस्तार करने के लिए कम से कम 50% उपकरण चीन में ही बने हुए इस्तेमाल करने होंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक चीनी सरकार चाहती है कि देश में ही चिप बनाने का पूरा सामान तैयार हो जाए, ताकि उसे दूसरे देशों पर निर्भर न रहना पड़े। इस नियम का उद्देश्य खुद की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को मजबूत करना है। इससे चीन में चिप बनाने वाली कंपनियों को अपने उपकरणों के लिए घरेलू आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर रहना होगा, जिससे चीनी कंपनियों को बड़ा फायदा होगा। इस नए नियम का अमेरिकी कंपनियों पर भी काफी प्रभाव पड़ सकता है। चीन ने अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं, जिनमें नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन, एल3 हैरिस मैरीटाइम सर्विसेज और बोइंग जैसी बड़ी रक्षा कंपनियां शामिल हैं। वहीं, चीन के नियम-50 से भारत को भी सीख लेनी चाहिए, ताकि भारत का वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का मिशन सफल हो सके। बता दें कि यह एक बहुत बड़ा कदम है जो चीन ने उठाया है। चीन अब विदेशी तकनीक पर अपनी निर्भरता कम करता जा रहा है। यह कोशिश तब और तेज हो गई, जब साल वर्ष 2023 में अमेरिका ने एक्सपोर्ट पर और सख्त नियम बना दिए थे। अमेरिका ने चीन को एडवांस्ड एआई चिप्स और चिप बनाने वाले उपकरण बेचने पर रोक लगा दी थी। हालांकि, अमेरिका के इन नियमों ने कुछ सबसे एडवांस्ड मशीनों की बिक्री रोक दी, लेकिन 50% वाले इस नियम की वजह से चीनी कंपनियां अब उन जगहों पर भी अपने देश के सप्लायर्स को चुन रही हैं, जहां अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोप के विदेशी उपकरण उपलब्ध हैं। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग लगातार यह कहते रहे हैं कि देश को चिप बनाने के मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'पूरे देश' को मिलकर प्रयास करना होगा। भारत भी चीन से इस मामले में कुछ सबक ले सकता है। चिप निर्माण में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत अभी सेमीकंडक्टर बनाने के लिए जरूरी मशीनें, केमिकल और वेफर्स जैसे सामान दूसरे देशों से खरीदता है। ये सामान ताइवान, अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों से आते हैं, लेकिन अब भारत सरकार 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' (आईएसएम) के तहत खुद सेमीकंडक्टर बनाने की क्षमता बढ़ा रहा है। भारत भी इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है, ताकि दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो। भारत को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए चीन जैसे नियम को अपनाना चाहिए। भारत को अपने घरेलू उद्योगों को मजबूत करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी। अपने व्यापारिक संबंधों को विविध बनाने और चीन के अलावा अन्य देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की कोशिश करनी होगी। भारत को अन्य देशों के साथ सहयोग बढ़ाने और वैश्विक व्यापारिक संगठनों में अपनी भूमिका मजबूत करने की कोशिश करनी चाहिए। इसके अलावा, भारत को विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए प्रयास करने चाहिए, अपनी प्रौद्योगिकी विकसित करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए, ताकि भारत की दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सके और देश का आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सके।

# भारत का साथ जरूरी या केवल दिखावा




सुरक्षा रणनीति
डॉ. एन.के. सोमानी

संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपनी नई सुरक्षा रणनीति का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) में यूरोप की सांस्कृतिक चुनौतियों और चीन से मिल रही प्रतिस्पर्धा पर सख्त रुख अपनाया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगभग एक साल के कार्यकाल के अंतिम चरण में जारी रणनीति में पश्चिमी गोलार्ध और इंडो-पैसिफिक का जिक्र किया गया है। ड्राफ्ट का स्वरूप बहुत संक्षिप्त होने के बावजूद इसमें भारत को प्राथमिकता देते हुए भारत के साथ संबंधों पर विशेष जोर दिया गया है। ऐसे में आशंका इस बात की है कि भारत के साथ बात कर ट्रंप प्रशासन कहीं अपने राष्ट्रीय हितों को साधने की कोशिश तो नहीं कर रहा है।

चीन और यूरोप के साथ संबंधों में तनातनी के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपनी नई सुरक्षा रणनीति का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) में यूरोप की सांस्कृतिक चुनौतियों और चीन से मिल रही प्रतिस्पर्धा पर सख्त रुख अपनाया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगभग एक साल के कार्यकाल के अंतिम चरण में जारी रणनीति में पश्चिमी गोलार्ध और इंडो-पैसिफिक का जिक्र किया गया है। ड्राफ्ट का स्वरूप बहुत संक्षिप्त (20 पेज) होने के बावजूद इसमें भारत को प्राथमिकता देते हुए भारत के साथ संबंधों पर विशेष जोर दिया गया है।

ड्राफ्ट में अमेरिका को भारत के साथ वाणिज्यिक, रणनीतिक और अन्य द्विपक्षीय संबंधों को और बेहतर बनाने की बात कही गई है। ड्राफ्ट में कहा गया है कि भारत के साथ मजबूत सहयोग से न केवल हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी बल्कि भारत को क्वाड (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। ड्राफ्ट की दिलचस्प बात यह है कि एक तो ट्रंप प्रशासन इसमें रूस के साथ कदम-ताल करते दिख रहा है और दूसरा सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट से पाकिस्तान को लगभग गायब कर दिया गया है। यह पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है खासतौर से फील्ड मार्शल असीम मुनीर के लिए।राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति अमेरिका की कार्यकारी शाखा द्वार समय-समय पर तैयार किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसमें देश की सुरक्षा संबंधी चिंताओं और प्रशासन द्वारा उनसे निपटने की योजनाओं का विवरण दिया जाता है।

गोल्डवाटर-निकोलस अधिनियम के आधार पर निर्मित सुरक्षा रणनीति का कार्यन्वयन राष्ट्रीय सैन्य रणनीति जैसे सहायक दस्तावेज में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार किया जाता है। साल 2017 में जब डोनाल्ड ट्रंप पहली बार व्हाइट हाउस में आए उस वक्त उन्होंने अपने पूर्ववर्ती शासनाध्यक्षों द्वारा निर्मित विदेश नीति के सिद्धांतों से अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था। नई सुरक्षा रणनीति में वह एक कदम ओर आगे बढ़ते हुए दिख रहे हैं। 2025 की रणनीति में मुख्य फोकस अमेरिकी पहचान तथा संस्कृति को स्थापित करने के लिए मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) के आदर्श पर रखा गया है। अमेरिका ने हाल के वर्षों में असाधारण प्रगति हासिल की है और आने वाले समय में वह अपनी राष्ट्रीय-शक्ति के सभी पहलुओं को और सुदृढ करेगा। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि नई रणनीति सुनिश्चित करेगी कि अमेरिका विश्व इतिहास का सबसे महान और सबसे सफल राष्ट्र रहे। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि नई सुरक्षा रणनीति का दस्तावेज 'अमेरिका फर्स्ट' की भावना से भरा हुआ हैं। लेकिन अहम सवाल यह है कि न्यू सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट में भारत के उल्लेख का निहितार्थ क्या है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की रणनीतिक जरूरतों को छोड़ कर शेष वैश्विक संदर्भ में अमेरिका भारत को किस नजरिए देखता है, खासकर पाकिस्तान और भारत-रूस मैत्री संबंधों के संदर्भ में यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। दरअसल जिस तरह से ट्रंप ने सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट में यूरोप के प्रति खीज का प्रदर्शन किया है और भारत को 'जरूरत के साथी' के तौर पर दिखाया है, उससे साफ है कि पूरा दस्तावेज भ्रम और उलझन का गड़बड़ झाला बन गया है। दस्तावेज कुछ



निश्चित और कुछ अनिश्चित तत्वों की ओर भी संकेत कर रहा है। जहां तक अनिश्चितंता का सवाल है तो यह उनकी स्वभावगत विशेषता है और इसकी नींव ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के पहले ही दिन रख दी गई थी। ग्यारह माह की अपनी राजनीतिक यात्रा में वह इससे इंच भी इधर-उधर नहीं हुए। हां, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत को महतपूर्ण रणनीतिक साझेदार मानना उनके प्रशासन में कुछ हद तक निश्चिता का संकेत है।

सुरक्षा रणनीति किसी देश या संगठन के राष्ट्रीय हितों की रक्षा, खतरों का सामना करने और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जाने वाली एक व्यापक योजना होती है। चूंकी सुरक्षा रणनीति में चीन को अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। इसलिए सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट में भारत-अमेरिका सहयोग को प्रमुख क्षेत्र बताया गया है। अमेरिका मानता है कि तकनीक के मोर्चे पर भारत के साथ जुड़ाव क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन के लिए महत्वपूर्ण है। यह सहयोग न केवल आर्थिक रूप से फायदेमंद होगा बल्कि भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी मददगार होगा। इसके अलावा साउथ चाइना सी (दक्षिण चीन सागर) में चीन द्वारा उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत के साथ तालमेल को महत्वपूर्ण बताया गया है। नई सुरक्षा रणनीति के दस्तावेज में इस बात का दावा भी किया गया है कि अमेरिका एक स्वतंत्र और संप्रभु गणराज्य रहेगा। अमेरिका का दायित्व अपने नागरिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा करना है। इसमें मजबूत सीमाएं, आव्रजन पर नियंत्रण और देशों के बीच सहयोग से अवैध जनसंख्या प्रवाह रोकने की बात शामिल है। समुद्री मार्गो के स्वतंत्र परिचालन के मामले में भारत और अमेरिका का समान दृष्टिकोण रहा है।

दोनों देश एक मुक्त एवं खुले और नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए समृद्ध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की वकालत करते है। कोई दो राय नहीं कि इंडो-पैसिफिक दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी और लगभग आधी जीडीपी का स्त्रोत होने के कारण वैश्विक रणनीति, आर्थिक शक्ति-संतुलन और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को अहम घटक बन चुका है। चीन इस क्षेत्र में प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है। सैन्य शक्ति और आर्थिक बल के जरिए चीन इसकी क्षेत्रीय व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इंडो-पैसिफिक में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए अमेरिका भारत को एक जरूरी पक्षकार मानता है। हो सकता है यह चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने की अमेरिकी रणनीति का हिस्सा हो, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका की सुरक्षा रणनीति में भारत के साथ के लिए लालायित दिखने की अमेरिकी इच्छा भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को तो मजबूत बनाती ही है। दूसरी ओर, सिक्योरटी ड्राफ्ट की शब्दावली से साफ है कि अमेरिका की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। अब ट्रंप प्रशासन भारत को अहम रणनीतिक सहयोगी के तौर पर साथ लेकर चलने के बजाए उसे केवल लेन-देन वाले राष्ट्र के तौर पर देखने लगा है। कहना गलत नहीं होगा कि सिक्योरटी ड्राफ्ट की शब्दावली में अमेरिकी आदर्शवाद को रेखांकित करने के लिए सुंदर शब्दों का तो भरपूर इस्तेमाल किया गया है लेकिन यह यथार्थ के कितने करीब है, इसका उत्तर भविष्य के गर्भ में है।

ऐसे में आशंका इस बात की है कि भारत के साथ बात कर ट्रंप प्रशासन कहीं अपने राष्ट्रीय हितों को साधने की कोशिश तो नहीं कर रहा है। अगर ऐसा है तो यह देखना भी काफी दिलचस्प होगा कि भारत का मौजूदा नेतृत्व डोनाल्ड ट्रंप के आर्थिक समीकरणों को साधकर भारत-अमेरिकी संबंधों को पुनः बाइडेन युग की ओर लौटा पाने में कितना सफल रहता है।

( लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

सुनील कुमार महला




# सतत विकास : समृद्धि और संरक्षण का साझा मार्ग !

अरावली पहाड़ियों की जिस परिभाषा को पहले सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया था, उसी पर अब रोक लगाकर नई उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति के गठन का आदेश देना स्वागत योग्य कदम है। वास्तव में, यह संकेत देता है कि पहले की रिपोर्ट को लेकर जो आम लोगों द्वारा जो आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, वे निराधार नहीं थीं। अरावली को केवल पहाड़ियों की एक भौगोलिक श्रृंखला मानना भूल होगी, क्योंकि यह उत्तर भारत के उपजाऊ मैदानों को मरुस्थलीकरण से बचाने वाली एक जीवन रेखा है। सरकारी समिति की सिफारिश पर तय की गई परिभाषा से यह आशंका पैदा हुई थी कि अरावली का बड़ा हिस्सा संरक्षण से बाहर हो सकता है, जिससे खनन और निर्माण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा मिलता। केवल यह कह देने से कि रिपोर्ट को गलत समझा जा रहा है, आम लोगों की चिंताएं दूर नहीं होतीं। आज जब देश गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब नीति निर्धारण में स्पष्टता, पारदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेना यह दर्शाता है कि उसने जनहित और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी चिंताओं को गंभीरता से समझा है। जानकारी के अनुसार अब विशेषज्ञों की समिति अलग-अलग समय की जानकारियों का अध्ययन करेगी। यानी पुरानी तस्वीरें, पुराने नक्शे और सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों की आपसी तुलना की जाएगी। इससे यह साफ होगा कि पिछले कुछ दशकों में अरावली पहाड़ियों में क्या-क्या बदलाव हुए हैं। उम्मीद है कि इस जांच से यह सच्चाई सामने आएगी कि अवैध खनन, बिना योजना के निर्माण और पेड़ों की कटाई ने इस बहुमूल्य प्राकृतिक धरोहर को कितना नुकसान पहुंचाया है। विवाद केवल 100 मीटर ऊंचाई तय करने को लेकर नहीं है। असल बात यह है कि पर्यावरण में छोटी-सी बात भी बहुत असर डालती है। किसी पहाड़ी को उसके आसपास के जंगल, पानी, मिट्टी और जीव-जंतुओं से अलग करके नहीं समझा जा सकता। अरावली को लेकर आम लोगों की कड़ी प्रतिक्रिया इसलिए आई, क्योंकि अब वहां पर्यावरण का बिगड़ना साफ दिखाई देने लगा है और उसका नुकसान सीधे लोगों को महसूस हो रहा है। इस वर्ष यानी कि वर्ष 2025 में देश के पहाड़ी राज्यों में आई विनाशकारी आपदाएं, दिल्ली-एनसीआर और मुंबई जैसे महानगरों में लगातार जहरीली होती हवा कोई अचानक घटित घटनाएं नहीं हैं, बल्कि यह वर्षों से पर्यावरण के प्रति बरती गई लापरवाही और अदूरदर्शी नीतियों का सीधा परिणाम हैं।

वास्तव में यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी गंभीर चेतावनियों के बाद भी शासन और समाज के स्तर पर पर्यावरण को लेकर अपेक्षित संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। एक ओर अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर जनआंदोलन और विरोध-प्रदर्शन हो रहे थे, वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड में हजारों एकड़ वन भूमि पर अवैध कब्जों का मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें राज्य में बड़े पैमाने पर वन भूमि पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि राज्य सरकार वन भूमि की रक्षा करने में गंभीरता नहीं दिखा रही है। कोर्ट के समक्ष आए तथ्यों के अनुसार हजारों हेक्टेयर वन क्षेत्र पर अवैध निर्माण और कब्जे हो चुके हैं, जो पर्यावरण, जैव विविधता और हिमालयी पारिस्थितिकी के लिए गंभीर खतरा हैं। अदालत ने राज्य सरकार को अतिक्रमण हटाने, नई गतिविधियों पर रोक लगाने और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं और मामले की आगे भी निगरानी की जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली से जुड़े मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर वास्तव में यह साफ व स्पष्ट संकेत दिया है कि इस विषय में गहन तथ्यान्वेषण जरूरी है। वहीं पर सरकार ने भी पूर्व आदेश की कमियों को स्वीकार किया है। केंद्र सरकार की ओर से यह सहमति जताई गई है कि अब अरावली क्षेत्र में खनन या नियमों में कोई भी बदलाव सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति से ही होगा। यहां तक कि यह भी माना गया है कि नवंबर के फैसले को लेकर कई गलतफहमियां थीं। माननीय न्यायालय का उद्देश्य विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना है। यह बात ठीक है कि आज के समय में खनन को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है, फिर भी यह सुनिश्चित करना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है कि इससे प्रकृति और मानव जीवन को खतरा न हो। अंततः, अरावली की रक्षा केवल न्यायालय या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि आम नागरिकों की सतर्कता भी उतनी ही आवश्यक है, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की अनियंत्रित लूट को रोका जा सके।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित
दर्शन

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

## कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिव जी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

## वैकुंठ एकादशी



हैदराबाद में मंगलवार को चारमीनार के पास वैकुंठ एकादशी त्योहार के दौरान भक्त एक धार्मिक जुलूस में हिस्सा ले रहे हैं।


## आज की पाती

### अदालत का सही फैसला

भारत में आस्था अक्सर तर्क से बड़ी हो जाती है। यही कारण है कि यहां मंदिर के बाहर घंटियों की आवाज से ज्यादा तेज कभी-कभी सांसों की घुटन होती है, लेकिन हम सुनना नहीं चाहते। मुंबई की एक अदालत का हालिया फैसला, जिसमें सार्वजनिक स्थान पर कबूतरों को दाना डालने पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया, इसी टकराव की एक स्पष्ट और साहसी मिसाल है। यह फैसला कबूतरों के खिलाफ नहीं, बल्कि उस मानसिकता के खिलाफ है जो भावुकता के नाम पर विज्ञान, कानून और सार्वजनिक स्वास्थ्य को कुचल देती है। हमारे समाज में कबूतरों को दाना डालना पुण्य माना जाता है। लेकिन कबूतर बीमारियां भी फैलाते हैं, इस दृष्टि से यह फैसला सही लगता है। *- विवेक शर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सुधारों की रफ्तार



भारत ने सुधारों की रफ्तार पकड़ ली है! 2025 में विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं, जिन्होंने हमारी विकास यात्रा को गति प्रदान की है। ये सुधार एक विकसित भारत के निर्माण के हमारे प्रयासों को भी बल देंगे।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### मूल भावना के विपरीत



यह आश्चर्य है कि पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया और उसके एजेंडे में संसद द्वारा पारित 'विकसित भारत-जी राम जी' कानून के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने की बात शामिल है। संसद में बने कानून के खिलाफ विस में प्रस्ताव पारित करना संसदीय मूल भावना के विपरीत है।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### गरीब परिवारों को फ्लैट



हमारी सरकार 2026 में 6000 से ज्यादा गरीब परिवारों को दिल्ली में अपना फ्लैट देने जा रही है। पहले चरण में सावदा घेवरा में बिजली, पानी, शौचालय जैसी सुविधाओं के साथ 2,500 गरीब परिवारों को फ्लैट की चाबी सौंपी जाएगी।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### हार्दिक संवेदनाएं




भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। उनके परिवार, समर्थकों और बांग्लादेश की जनता के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर


# चीन की सेना का ताइवान के पास सैन्य अभ्यास जारी



चीन की सेना ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन ताइवान द्वीप के आसपास संयुक्त अभ्यास किया। बीजिंग ने इसे अलगाववादी और 'बाहरी हस्तक्षेप' वाली ताकतों के खिलाफ 'कड़ी चेतावनी' बताया वहीं ताइवान ने कहा कि उसने अपनी सेना को अलर्ट पर रखा है। ताइवान ने चीन की सरकार को 'शांति का सबसे बड़ा दुश्मन' करार दिया। दो दिनों तक जारी रहने वाले इन सैन्य अभ्यासों को 'जस्टिस मिशन 2025' नाम दिया गया है। चीन के ये अभ्यास ताइवान को संभावित रूप से अब तक की सबसे बड़ी अमेरिकी हथियार बिक्री पर आक्रोश व्यक्त करने और जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के उस बयान के बाद किए जा रहे हैं कि यदि चीन ताइवान के खिलाफ कार्रवाई करता है तो उनकी सेना हस्तक्षेप कर सकती है। चीन का कहना है कि ताइवान को उसके शासन के अधीन आना होगा। चीन की सेना ने सोमवार को अपने बयान में अमेरिका और जापान का नाम नहीं लिया, लेकिन विदेश मंत्रालय ने ताइवान की सत्तारूढ़ पार्टी पर अमेरिका से समर्थन मांगकर स्वतंत्रता हासिल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। मंगलवार सुबह, आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक सरकारी प्रवक्ता के हवाले से कहा कि इस दिशा में किए गए किसी भी प्रयास का 'निष्फल होना तय है'।

## ऑफ बीट

# रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?



बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# छत्तीसगढ़ अंचल में काष्ठ शिल्प और चित्रकला

शिल्पकला

डा. सुशील त्रिवेदी

छत्तीसगढ़ अंचल में काष्ठ शिल्प और चित्रकला अत्यंत समृद्ध है जिसमें बस्तर में लकड़ी का जितना पारंपरिक उत्कृष्ट कलात्मक कार्य होता है उतना प्रदेश के किसी अन्य अंचल में नहीं पाया जाता। यहां के आदिवासी मकान, घोटुल-गुड़ी, खम्भ, तीर धनुष आदि बनाने में दक्ष हैं। बस्तर की सकल नारायण की गुफा के काष्ठ स्तंभ में शिवलिंग और हनुमान उत्कीर्ण हैं। आदिम मूर्ति कला और देवी स्तंभ काष्ठ आधारित हैं। यहां के आंगादेव, पाटदेव, डोकर डोकरी, माता झूला, हिंगलाजिन, बंजारिन, भीमा देव आदि की मूर्तियां आदि काल



से काष्ठ निर्मित रही हैं। रायगढ़ और सरगुजा में लकड़ी से बनाए जाने वाले शिल्प अपने आकार प्रकार में बस्तर के काष्ठ शिल्प से भिन्न होते हैं। यहां मृतक स्तंभ भी काष्ठ निर्मित होते हैं जिसमें अदभुत चित्रकारी होते हैं। बस्तर दशहरा में रथ के निर्माण भी काष्ठ कला का उदाहरण है। सरगुजा के मूर्ति शिल्प में शिव, करम देव, नाग देव, टांगी नाथ देव, मोती बरहिंया, विष्णु वाहन, गरुड़ आदि मूर्तियां भी काष्ठ निर्मित होती हैं। सरगुजा के पंडो, कंवर आदि के स्तंभों में गंगा जमुना का प्रतीकात्मक चित्रण होता है।

परम्परा

रीता विभारे

## वात्सल्यपूर्ण निर्वहन की कड़ी है मुंह जुठारना




मुंह जुठारना प्रथा की उत्पत्ति संस्कृत के अन्न प्रासन शब्द से हुई है। सामान्य तौर पर मुंह जुठारना या अन्न प्रासन संस्कार का एक साधारण अर्थ है बच्चे के मुंह में पहली बार अन्न का निवाला खिलाना। मुंह जुठारने या अन्न प्रासन संस्कार में बच्चे के लिए अन्न का मीठा भोजन ( खीर) बनाया जाता है और उसकी पूजा अर्चना कर पहले इष्ट देवी देवताओं को भोग लगाने के बाद उस भोजन का पहला निवाला बच्चे के मुंह में डाला जाता है। यह कार्य बच्चे के बुआ द्वारा संपन्न किया जाता है। इससे बुआ का दूसरे परिवार से जुड़ जाने के बाद भी अपने भाइयों और भतीजी भतीजियों के प्रति प्रेम, स्नेह व अपनापन पूर्ववत बना रहता है। बुआ के बाद बच्चे के माता पिता तथा घर के अन्य सदस्यों द्वारा भोजन खिलाया जाता है। इस प्रथा के प्रति यह भी मान्यता है कि बच्चे का मुंह जुठारना इस कामना से किया जाता है ताकि बच्चे को अपने जीवन में हमेशा भरपेट भोजन मिलता रहे, अन्न का अभाव कभी न हो तथा उसके जीवन में हमेशा सुख समृद्धि बना रहें।

लोक साहित्य

डा. मंजू शर्मा

## छत्तीसगढ़ी साहित्य में मौलिक उपन्यास का तृतीय क्रम



छत्तीसगढ़ी के मौलिक उपन्यास के तृतीय क्रम में ठाकुर हृदय सिंह चौहान का फुटहा करम 1971 और पंडित कृष्ण कुमार शर्मा का छेरछेरा 1983 चतुर्थ उपन्यास है। दोनों में आंचलिकता, कथा, घटना और वातावरण की पृष्ठभूमि प्रस्तुत है। फुटहा करम एक रानी की नियति की दुख भरी गाथा है। इसी भांति छेरछेरा सामंती सभ्यता में फंसे कृषक जीवन की व्यथा और विनोबा तथा गांधी जी की विचार धारा से ग्रामोदय की कथा आंचलिकता के साथ ग्रंथित है। केयूर भूषण कृत कुल के मरजाद 1995 छत्तीसगढ़ी का पंचम प्रकाशित मौलिक उपन्यास है जो जन चेतना प्रकाशन रायपुर की प्रस्तुति है। इसमें भी स्वतंत्रता पूर्व के रजवाड़ों का इतिहास एवं उनके विघटन का प्रकाश आंचलिक रूपों में विवेचित है। हेमनाथ यदु की चंदा चंदैनी, मैथ्यू जहानी कृत चंदा के डोंगा सुरुज के गांव और ठाकुर बलदेव सिंह चौहान कृत मानवता के कछेरी मा तथा हृदय सिंह चौहान कृत पठौनी और हाथ भर चूरी बीता भर पेट अप्रकाशित महत्वपूर्ण कृतियां हैं। डा जे आर सोनी कृत षष्ठ उपन्यास उढरिया 2000 आंचलिकता और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक गरिमा को लेकर सृजित पठनीय उपन्यास है।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

मेला मड़ई

प्रो अश्विनी केशरवानी

# परम्परागत रूप से रामनामी मेले का आयोजन




रामनामी पंथ का द्वितीय मेला पौष एकादशी से त्रयोदशी तक आयोजित किया जाता है। मेला में सामाजिक वाद विवादों, पारिवारिक झगड़ों का फैसला होता है। इसके अलावा महासभा का आयोजन और सामूहिक विवाह भी होते हैं। अगला मेला किस स्थान पर लगेगा, इसका निर्णय भी हो जाता है। यह मेला महानदी के तटवर्ती ग्रामों में एक बार उत्तर में तो दूसरी बार दक्षिण दिशा में लगता है। आयोजन के पीछे मान्यता है कि बहुत पहले सवारियों से भरी नाव मझधार में फंस गई। काफी प्रयास करने के बाद भी सफलता नहीं मिलता दिखा। तभी नाव में संयोग से रामनामी पंथ के प्रवर्तक परसराम भारद्वाज और उनके अनुयाई भी शामिल थे। सबने उनसे भी मन्नतें मांगने का अनुरोध किया। उनके मन्नत मांगने पर नाव सकुशल किनारे लग गई। सभी का मन खुशी से भर गया, तभी से यहां मेले का आयोजन प्रति वर्ष नियत तिथि में होता आ रहा है।



एतिहासिक :डा. अरविन्द शर्मा

# कैबिनेट मिशन योजना और देशी रियासत



माउंटबेटेन योजना में प्रस्तुत हस्तांतरण की योजना में भारत पाक विभाजन के साथ ही ब्रिटिश भारत में अब तक मिला लिए गए या साम्राज्ञी के अधीन विभिन्न देशी रियासतों को पृथक एवं स्वतंत्र अस्तित्व या दर्जा प्राप्त किया गया था। सर्वोच्च सत्ता के निर्देश एवं नीति के आधार पर ब्रिटिश भारत की सरकार भीतर देशी रियासतों से संबंध बनाने में व्यस्त रही। ओडिशा और छत्तीसगढ़ के छोटे छोटे देशी रियासत भी अंग्रेजों की इस नीति से संबंधित थी। इन देशी रियासतों के लिए एक लायजन आफिसर के पद व अधिकारों में वृद्धि कर उसे क्षेत्रीय आयुक्त का दर्जा दिया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के देशी रियासतों में संदर्भ में उप क्षेत्रीय आयुक्त की नियुक्ति हुई। इस समय छत्तीसगढ़ में कुल 14 रियासतें थीं। कैबिनेट मिशन योजना तक ओडिशा और छत्तीसगढ़ के राजा एक अलग से देशी रियासतों का संघ बनाना चाहते थे। छत्तीसगढ़ के देशी रियासतों के प्रतिनिधि अपने पूरे तामझाम और लाव लश्कर के साथ रायपुर स्थित राजकुमार कालेज में एकत्र हुए और वहां उन्होंने पूर्वी रियासतों का संघ निर्मित किया, जो 1 अगस्त 1974 से कार्य करना प्रारंभ कर दिया। इनमें दो बड़ी रियासत मयूरभंज और बस्तर प्रमुख थीं। इस संविधान के अनुसार संघ का एक अध्यक्ष, एक मुख्य सचिव और संयुक्त पुलिस संगठन जिसे ज्वाइंट पुलिस ऑर्गेनाइजेशन कहा गया था, निर्मित किया गया। यह पुलिस संगठन पुलिस महानिरीक्षक के अधीन कार्य करता था। यह प्रारंभ में उपरोक्त दो बड़े राज्यों और बाद में एक अन्य सदस्य राज्यों के वित्तीय सहायता के आधार पर कार्य कर रहा था। संयुक्त पुलिस संगठन के इंस्पेक्टर जनरल के रूप में एक अंग्रेज पुलिस अधिकारी भी नियुक्त की गई थी।

सुरता

डा महेशचंद्र शर्मा

## विलक्षण प्रतिभा के धनी थे पंडित चंद्रकांत पाठक

एक श्रेष्ठ कवि, संस्कृतज्ञ लेखक, अनुवादक और आदर्श शिक्षक काव्यतीर्थ पंडित चंद्रकांत जी पाठक अत्यंत प्रभावशाली, सौम्य, सात्विक और पांडित्यपूर्ण व्यक्तित्व के धनी थे। 19 -20 वीं सदी के मध्य काल में विद्यमान संस्कृति और संस्कृत के उपासक रहे। लगभग चार दशक तक धमतरी के मिशन स्कूल में समर्पित शिक्षक रहे पंडित पाठक जी ने शास्त्री, व्याकरणाचार्य एवं काव्यतीर्थ आदि अनेक उपाधियां अर्जित की। वास्तव में आप अन्वेषण, लेखन और सुदुर्लभ ग्रंथों के संकलन में विशेष रुचि और दक्षता भी रखते थे। संस्कृत के सुकवि होने के साथ साथ हिन्दी साहित्य के आशु कवि के रूप में भी सुप्रसिद्ध थे। इसके साथ ही महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथों का आपने हिन्दी से संस्कृत में अनुवाद कर साहित्य कोष में वृद्धि किया। जीवन के अंतिम सांस तक साहित्य की साधना करने वाले पाठक जी ने श्रीराम चरित महाकाव्यम की रचना की।



लोकवाद्य : टिकेश्वर सिन्हा ' गब्दीवाला '



# गुदुम बाजा ल सिंग बाजा घलव केहे जाथे

छत्तीसगढ़ के लोक वाद्य में गुदुम बाजा के बड़ महत्तम हे। एला सींग बाजा घलव केहे जाथे। काबर की कोनो क्षेत्र विशेष में बाजा के सुघराई लाए बर लकड़ी या कोनो जीनिस के सींग असन लगाए जाथे। गुदुम ह घलो माटी के बिन बारा हड़िया या फेर लोहा के चद्दर के हड़ियानुमा खोल होथे, एमा चमड़ा छवाय रथे। आवाज में गद यानि मोटा सुर लाए बर अंडी तेल, रबर, लोभान, धूप जला के वोकर राख ल छेना राख में मिला के चमड़ा ऊपर लगाए जाथे। अऊ हड़िया के पाछु म नानुक छेद कर के जरुवत मुताबिक तेल डारे जाथे, जेकर ले सुर में मधुरता बने रथे। गुदुम बजाने वाला ह कनिहा में बांध के चार पहिया गाड़ी के टायर ले बने रबर के बठेना ले येला बजाथे। बिहातरा नेग, नृत्य मुद्रा आऊ गीत के बोल मुताबिक गुदुम ह बाजा ल हथेली य कोहनी म बजाथे। ये प्रमुख पारंपरिक बिहतरा बाजा आय जेकर ले सुर निकलथे।



# जापान को पीछे छोड़ चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और 2030 तक जर्मनी को पीछे करके तीसरे स्थान पर पहुंचने की स्थिति में है। एक सरकारी बयान में यह कहा गया। भारत लगातार मजबूत वृद्धि आंकड़ों के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था भी बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 8.2 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के 7.4 प्रतिशत से अधिक है।

## एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई

### घरेलू कारकों ने विस्तार को दिया सहारा

बयान में कहा गया कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो वैश्विक व्यापार में बनी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की मजबूती को दर्शाती है। मजबूत निजी उपभोग जैसे घरेलू कारकों ने इस विस्तार को सहारा देने में प्रमुख भूमिका निभाई।

### अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने की पुष्टि

बयान में विभिन्न संस्थानों के अनुमानों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है। विश्व बैंक ने 2026 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है।




### भारत जी-20 में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा

वहीं मूडीज का अनुमान है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने 2025 के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत और 2026 के लिए 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

### अमेरिका के बाद चीन दूसरे स्थान पर

एक सरकारी बयान के अनुसार, ''भारत ने 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया और अनुमान है कि 2030 तक 7,300 अरब अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ जर्मनी को तीसरे स्थान से हटाने की स्थिति में है।'' दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका है, जबकि चीन दूसरे स्थान पर है।

## खबर संक्षेप




### पीएंडजी होम प्रोडक्ट्स का लाभ 19.1 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** एरियल व टाइड जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड का प्रबंधन करने वाली प्रॉक्टर एंड गैम्बल (पीएंडजी) होम प्रोडक्ट्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 में शुद्ध लाभ 19.1 प्रतिशत बढ़कर 683.29 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय भी 3.4 प्रतिशत बढ़कर 9,054.11 करोड़ रुपये हो गई। बिजनेस इंटेलिजेंस मंच 'टोफ्लर' से प्राप्त वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष के लिए इसकी कुल आय (जिसमें अन्य आय भी शामिल है) करीब दो प्रतिशत घटकर 9,228.83 करोड़ रुपये रह गई। कुल व्यय 8,292.91 करोड़ रुपये रहा जो एक वर्ष पहले के 8,156.29 करोड़ रुपये से 1.67 प्रतिशत अधिक है।

### गुजरात किडनी का शेयर 5.92 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य सेवा कंपनी गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशलिटी लिमिटेड का शेयर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य 114 रुपये के मुकाबले आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 5.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 120.75 रुपये के भाव पर शुरुआत की। कारोबार के दौरान 123.25 रुपये के उच्च तथा 103 रुपये के निम्न स्तर तक पहुंचा। अंत में 8.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.65 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई में शेयर 5.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 120 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। हालांकि इसने बाद में बढ़त खो दी और 8.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.54 रुपये पर बंद हुआ।




गवर्नर ने 2025 को दुर्लभ रूप से संतुलित आर्थिक दौर करार दिया

# आरबीआई से 2026 में और प्रोत्साहन की उम्मीद, रुपए के प्रबंधन पर रहेंगी निगाहें

एजेंसी ⏭ मुंबई

रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंची महंगाई के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने 2025 में छह मौद्रिक नीति समीक्षाओं में चार में अपनी प्रमुख नीतिगत दरों में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इसे अर्थव्यवस्था के लिए एक 'दुर्लभ रूप से संतुलित आर्थिक दौर' करार दिया। मल्होत्रा ने फरवरी में अपने पहले नीति बयान से ही वृद्धि को समर्थन देने के लिए दरों में कटौती की शुरुआत की थी। इसके बाद जून में भी उन्होंने 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती की, क्योंकि कम महंगाई से नीति में ढील देने की गुंजाइश बनी। नौकरशाह से केंद्रीय बैंक के गवर्नर बने मल्होत्रा ने पद संभालने के एक वर्ष पूरे होने पर मौजूदा स्थिति को भारत के लिए 'दुर्लभ रूप से संतुलित आर्थिक दौर' करार दिया, जिसमें अमेरिका के शुल्क और भू-राजनीतिक बदलाव जैसे प्रतिकूल कारकों के बावजूद वृद्धि दर आठ प्रतिशत से ऊपर रही और महंगाई एक प्रतिशत से नीचे रही।

- छह मौद्रिक समीक्षाओं में चार में नीतिगत दर में कटौती की




### महंगाई के आंकड़े आरबीआई के अनुमान से कम

वास्तविक महंगाई के आंकड़े आरबीआई के अनुमानों से काफी कम रहे, जिससे केंद्रीय बैंक की पूर्वानुमान क्षमता को लेकर कुछ सवाल उठे। इस पर डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने कहा कि आकलन में किसी तरह का प्रणालीगत पक्षपात नहीं है। दर कटौती और उधारी लागत में गिरावट की स्पष्ट अपेक्षाओं के चलते आरबीआई के कदम से बैंकों को झटका लगा।

### नौ माह में 38 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार बेचा

केंद्रीय बैंक का कहना है कि उसका बाजार में हस्तक्षेप किसी स्तर को बचाने के लिए नहीं, बल्कि उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए होता है। इसके बावजूद घरेलू मुद्रा के कमजोर होने के बीच आरबीआई ने वर्ष के पहले नौ महीनों में 38 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार बेचा। विशेषज्ञों का मानना है कि रुपये का प्रबंधन आगे भी केंद्रीय बैंक के लिए चुनौतीपूर्ण बना रहेगा।

### मुख्य आय में गिरावट से बैंक हुए प्रभावित

*शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में कमी और मुख्य आय में गिरावट से बैंक प्रभावित हुए। हालांकि, अर्थव्यवस्था में पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करने और खास तौर पर नियामकीय ढील जैसे कदमों ने असर को कुछ हद तक कम किया। पूरे साल नियामकीय ढील के लिए कई उपाए किए गए। अक्टूबर की मौद्रिक नीति घोषणा इसका चरम रही, जिसमें 22 नियामकीय उपाय शामिल थे, जिनमें कुछ उपाए आमतौर पर सतर्क माने जाने वाले आरबीआई जैसे संस्थान के लिए असामान्य थीं।*

### सबसे बड़ी चुनौती रुपये का डॉलर के मुकाबले फिसलना रहा

*इनमें बैंकों को भारतीय कंपनियों द्वारा वैश्विक अधिग्रहणों के लिए वित्तपोषण की अनुमति देना शामिल है। मल्होत्रा का जोर ग्राहकों के प्रति संवेदनशीलता और शिकायतों का तेजी से समाधान करने पर रहा है, जो उनके कई भाषणों और टिप्पणियों में झलकता है। आरबीआई ने 2025 में अपने 90 वर्ष पूरे किए और इस साल उसके लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक रुपया का डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर से नीचे फिसलना रहा।*

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांक एसईसीएल/कुस/क्षेत्र/भू.रा./2025/1396 **सूचना** दिनांक 08.12.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम बरपाली की भूमि का अर्जन एमपीएलआरसी 1959 के तहत प्रकरण क्रमांक अविअ/84/997 अवार्ड दिनांक 09/10-10-1984 को किया गया है, जिसमें से 01 भूस्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिकानुसार है:–

| क्र. | पत्रक-13 अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खसरा नम्बर | कुल रकबा (एकड़ में) | कुल रकबा (हे. में) | उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से सबंध | भूस्वामियों/नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी/उम्मीदवार का नाम: विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुरेश कुमार व. संतलाल | 201/7 | 0.07 | 0.028 | राहुल जायसवाल पिता सुरेश कुमार जायसवाल (पुत्र) | पत्रक 13 | सुरेशकुमार वल्द संतलाल | – | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | नामांकन | सुरेशकुमार वल्द संतलाल | राहुल जायसवाल पिता सुरेश कुमार जायसवाल | |
| | | | | | | सत्यापन | श्री सुरेश कुमार / संतलाल | राहुल जायसवाल/सुरेश कुमार | |
| | | | | | | बी–1 वर्ष (1980-81) | सुरेश कुमार पिता संतलाल जायसवाल | – | |
| | | | | | | पी–2 वर्ष (1980-81 से 1983-84) | सुरेश कुमार पिता संतलाल | – | |
| | | | | | | पत्रक 22 | सुरेश कुमार वल्द संतलाल | – | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | सुरेश कुमार आत्मज संतलाल | – | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | सुरेश कुमार पिता संतलाल राहुल | राहुल जायसवाल पिता सुरेश कुमार | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | – | राहुल जायसवाल आत्मज सुरेश कुमार जायसवाल | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | – | राहुल जायसवाल पिता सुरेश कुमार जायसवाल | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | – | राहुल जायसवाल आत्मज सुरेश कुमार जायसवाल | |
| | | | | | | शैक्षणिक दस्तावेज | – | राहुल जायसवाल पिता सुरेश कुमार जायसवाल | |
| | | | | | | आधार कार्ड | सुरेश कुमार जायसवाल पिता संतलाल | राहुल जायसवाल पिता सुरेश कुमार | |

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

**स्टाफ अधिकारी (भू.रा.), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र**

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
नकली माल से सावधान

## बिजनेस साइट

### सहेली ज्वेलर्स के 'पुनर्जन्म उत्सव' का आज अंतिम दिन



**रायपुर।** प्रतिष्ठित ज्वेलरी शोरूम सहेली ज्वेलर्स द्वारा आयोजित विशेष अभियान 'पुनर्जन्म उत्सव' आज अपने समापन पर है। ग्राहकों के लिए यह अंतिम अवसर है, क्योंकि यह लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित ऑफर आज 31 दिसंबर 2025 तक ही मान्य है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत सहेली ज्वेलर्स ग्राहकों को आकर्षक और लाभकारी ऑफर्स प्रदान कर रहा है। ऑफर के तहत ग्राहक किसी भी ज्वेलर से खरीदे गए अपने पुराने आभूषणों को एक्सचेंज कर, नए 22 एवं 18 कैरेट शुद्ध स्वर्ण आभूषणों में नया रूप दे सकते हैं। साथ ही, मेकिंग चार्ज में विशेष छूट का लाभ भी ग्राहकों को दिया जा रहा है। सामान्यतः बाजार में पुराने आभूषणों पर अधिकतम 100 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू दी जाती है, लेकिन सहेली ज्वेलर्स अपने 'पुनर्जन्म उत्सव' के तहत ग्राहकों को 102 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू प्रदान कर रहा है, जो इस ऑफर को और भी अधिक लाभकारी बनाता है। इसके अतिरिक्त गोल्ड, डायमंड एवं पोल्की ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में 50 प्रतिशत तक की छूट भी उपलब्ध है। यह ऑफर 22 कैरेट एवं 18 कैरेट एचयूआईडी हॉलमार्क शुद्ध आभूषणों पर मान्य है, जिससे ग्राहकों को शुद्धता, भरोसे और पारदर्शिता की पूरी गारंटी मिलती है। इस अभियान को छत्तीसगढ़वासियों से जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। बड़ी संख्या में ग्राहक अपने पुराने, टूटे या समय के साथ पुराने हो चुके आभूषणों को नए और आधुनिक डिजाइनों में परिवर्तित करवा रहे हैं। इससे बाजार में उत्साह और विश्वास का माहौल बना हुआ है। यह विशेष ऑफर रायपुर एवं दुर्ग स्थित सहेली ज्वेलर्स के शोरूम्स में सीमित समय के लिए ही उपलब्ध है।

### टाइटन आई+ और जेइस इंडिया विजन केयर ने पेश की फोटोफ्यूजन एक्स लेंस तकनीक

**बैंगलुरु।** भारत के प्रमुख चश्मा विक्रेता टाइटन आई+ ने जेइस इंडिया विजन केयर के साथ साझेदारी में अपने लेंस पोर्टफोलियो में जेइस की फोटोफ्यूजन एक्स फोटोक्रोमिक लेंस तकनीक को शामिल करने की घोषणा की है। यह तकनीक भारतीय उपभोक्ताओं को बेहतर दृष्टि और दीर्घकालिक नेत्र स्वास्थ्य प्रदान करने के उद्देश्य से लाई गई है। यह घोषणा जेइस इनोवेशन समिट में की गई, जो लेंस नवाचार और रोजमर्रा की दृष्टि देखभाल के मानकों को बढ़ाने के लिए आयोजित की गई थी। इस सहयोग के तहत टाइटन आई+ जेइस की उन्नत ऑप्टिकल विशेषज्ञता और भारतीय उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को मिलाकर, फोटोफ्यूजन एक्स लेंस को अपने डिजाइन और खुदरा नेटवर्क में पेश करेगा। फोटोफ्यूजन एक्स लेंस ब्लू-लाइट और यूवी सुरक्षा प्रदान करते हैं और दृष्टि आराम व नेत्र स्वास्थ्य बनाए रखने में मदद करते हैं। टाइटन आई+ के एनएस राघवन ने कहा कि यह तकनीक आधुनिक शैली, प्रदर्शन और सुरक्षा के नए मानक स्थापित करेगी। उनका कहना था कि यह साझेदारी भारतीय आईवियर बाजार में रोजमर्रा के उपयोग के लिए उन्नत और सुरक्षित विकल्प उपलब्ध कराएगी।

### अंजता फूड कलर एंड बेकिंग पाउडर: 70 वर्षों से गुणवत्ता और भरोसे का नाम

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सामग्री उद्योग में अंजता फूड कलर एंड बेकिंग पाउडर ने गुणवत्ता और भरोसे की मिसाल कायम करते हुए 70 वर्षों से अधिक की सफल यात्रा पूरी की है। यह ब्रांड आज पैन इंडिया प्रजेंस के साथ एक मजबूत डीलर-डिस्ट्रिब्यूटर नेटवर्क के जरिए लाखों उपभोक्ताओं तक अपनी पहुंच बना चुका है। अंजता की पहचान हमेशा उच्च गुणवत्ता वाले फूड कलर और बेकिंग पाउडर के लिए रही है। कंपनी अपनी स्थापना से ही शुद्धता, सुरक्षा और तय मानकों का सख्ती से पालन करती आ रही है। बदलते समय और आधुनिक तकनीक के साथ अंजता ने अपने उत्पादों और पैकेजिंग में निरंतर नवाचार किए हैं, जबकि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया। आज अंजता फूड कलर एंड बेकिंग पाउडर देश के लगभग सभी प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है और उपभोक्ताओं का विश्वास लगातार मजबूत कर रहा है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज – अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट | रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑंकोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहांसें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

## 2025 में रहा नारी शक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन

# भारतीय महिला खिलाड़ियों ने हर खेल में छोड़ी अपनी अमिट छाप




नई दिल्ली। चाहे वह क्रिकेट के मैदान की गहमागहमी हो या मुक्केबाजी का क्रूर रिंग, या फिर शतरंज के बोर्ड पर दिमागी खेल हो या निशानेबाजी और तीरंदाजी में सटीक लक्ष्य लगाना, वर्ष 2025 में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने प्रत्येक खेल में अपनी खास छाप छोड़ी।

### दिव्या बनीं भारत की पहली महिला विश्व कप विजेता



शतरंज में 19 वर्षीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख भारत की पहली महिला विश्व कप विजेता बनीं। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली क्रिकेट टीम ने मुश्किल दौर से उबरकर और सोशल मीडिया पर हो रहे ताने-बाने को नजरअंदाज करते हुए महिला वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचा।



### दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम बनीं विश्व चैंपियन

भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम भी श्रीलंका से विश्व चैंपियन बनकर लौटी। मुक्केबाजी में जैस्मीन लैंबोरिया और मीनाक्षी हुडा ने विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर मनोबल बढ़ाया। भारोत्तोलन में मीराबाई चानू की श्रेष्ठता को इस साल भी कोई चुनौती नहीं दे सका।

### पहलवान अंतिम पंघाल ने किया शानदार प्रदर्शन

कुश्ती में महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने यह सुनिश्चित किया कि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत का निराशाजनक प्रदर्शन ही इस वर्ष चर्चा का एकमात्र विषय न हो। अंतिम ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, जो इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस साल कुश्ती डोपिंग विवादों और कुछ पहलवानों के अधिक वजन वर्ग के कारण प्रतियोगिताओं से बाहर होने के लिए अधिक चर्चा में रही थी।



## सुरुचि सिंह ने जीता विश्व कप में गोल्ड

निशानेबाजी में 19 वर्षीय सुरुचि सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में तीन व्यक्तिगत पदकों सहित चार विश्व कप स्वर्ण पदक जीतकर उस स्पर्धा में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई।



### तीरंदाज शीतल देवी बनीं बिना हाथ वाली पहली पैरा विश्व चैंपियन



फुटबॉल के मैदान पर जहां पुरुष टाम एक के बाद एक झटके झेलती रही, वहीं महिला टीम ने अगले साल के एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करके आशा की किरण जगाई। तीरंदाजी में 18 वर्षीय शीतल देवी न केवल बिना हाथ वाली पहली पैरा विश्व चैंपियन बनीं।

---

## खबर संक्षेप



### सारिना विगमैन को मिला डेमहुड सम्मान

**लंदन।** इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच सारिना विगमैन को मानद डेमहुड से सम्मानित किया गया है। किंग चार्ल्स तृतीय की तरफ से नए साल के अवसर पर सम्मानित होने वाले व्यक्तियों की सूची में नीदरलैंड की रहने वाली 56 वर्षीय कोच विगमैन का नाम भी शामिल है। विगमैन के कोच रहते हुए इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम ने इस साल गर्मियों में लगातार दूसरी बार यूरो कप का खिताब जीता था। इसके अलावा टीम उनकी अगुवाई में 2023 में विश्व कप के फाइनल में भी पहुंची थी। विगमैन ने कहा, 'जब मैं पहली बार इंग्लैंड आई थी, तो मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि मुझे इतना सम्मान और स्नेह मिलेगा।

### 10 जनवरी को अहमदाबाद में राष्ट्रीय खिलाड़ी मंच

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) देश में खेलों में खिलाड़ियों के नेतृत्व वाली संचालन व्यवस्था और जवाबदेही को मजबूत करने के उद्देश्य से 10 जनवरी को अहमदाबाद में पहले राष्ट्रीय खिलाड़ी मंच का आयोजन करेगा। आईओए ने कहा कि यह मंच प्रत्यक्ष और समाधान उन्मुख जुड़ाव के लिए देश भर के मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों, खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाएगा। मंच खिलाड़ियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों, नैतिक और पारदर्शी संचालन, सुरक्षित खेल और अखंडता, मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण, डोपिंग रोधी शिक्षा, शिकायत निवारण और संरचित करियर बदलाव राह सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने दी प्रो लीग बहिष्कार की धमकी



**लाहौर।** पाकिस्तान की हॉकी टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने पूरा वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए फरवरी में होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण का बहिष्कार करने की धमकी दी है। इन खिलाड़ियों ने आरोप लगाया है कि उन्हें इस महीने की शुरुआत में खेले गए मैचों के लिए पूरा दैनिक भत्ता नहीं दिया गया है। राष्ट्रीय पुरुष टीम के कम से कम दो सदस्यों ने पुष्टि की कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) को स्पष्ट संदेश भेज दिया गया था कि यदि वित्तीय मुद्दों का समाधान नहीं किया गया तो कई खिलाड़ी एफआईएच प्रो लीग के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

# भारत ने श्रीलंका को 5-0 से किया क्लीन स्वीप, साल 2025 को दी शानदार विदाई

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

भारत ने मंगलवार को ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए टी20 सीरीज के पांचवें मुकाबले को 15 रन से जीता। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 5-0 से क्लीन किया। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 175 रन बनाए। भारत ने महज 5 के स्कोर पर शेफाली वर्मा (5) का विकेट गंवा दिया था। इसके बाद डेब्यूटेंट कमलिनी (12) भी पवेलियन लौट गईं। आलम ये रहा कि टीम इंडिया ने 77 के स्कोर तक 5 विकेट गंवा दिए थे।

यहां से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अमनजोर कौर के साथ छठे विकेट के लिए 37 गेंदों में 61 रन जोड़ते हुए भारतीय पारी को संभाला। अमनजोत 18 गेंदों में 1 छक्के और 1 चौके की मदद से 21 रन बनाकर पवेलियन लौटीं, जबकि हरमनप्रीत कौर ने 43 गेंदों में 1 छक्के और 9 चौकों के साथ 68 रन बनाए। इनके अलावा, अरुंधति रेड्डी ने नाबाद 27 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम के लिए रश्मिका सेवंदी, कविशा दिलहारी और चामरी अथापथु ने 2-2 विकेट निकाले, जबकि निमाशा मदुशानी ने 1 विकेट हासिल किया।




### 15 रन से हारी श्रीलंकाई टीम

176 रन के लक्ष्य के जवाब में शानदार शुरुआत के बावजूद श्रीलंकाई टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर सिर्फ 160 रन ही बना सकी। श्रीलंका ने 7 के स्कोर पर कप्तान चामरी अथापथु (2) का विकेट गंवा दिया था। यहां से हसिनी परेरा ने इमेशा दुलानी के साथ दूसरे विकेट के लिए 56 गेंदों में 79 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 86 के स्कोर तक पहुंचा दिया। हसिनी 42 गेंदों में 1 छक्के और 8 चौकों की मदद से 65 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि दुलानी ने 39 गेंदों में 50 रन की पारी खेली, जिसमें 8 चौके शामिल थे। वहीं, रश्मिका सेवंदी ने 14 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। इनके अलावा, किसी अन्य बल्लेबाज ने दहाई के आंकड़े को नहीं छुआ। भारत की तरफ से दीप्ति शर्मा, अरुधंति रेड्डी, स्नेह राणा, वैष्णवी शर्मा, श्रीचरणी और अमनजोत कौर ने 1-1 विकेट हासिल किया।

### दीप्ति बनीं नंबर-1 गेंदबाज

दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ पांचवें टी20 में एक विकेट लिया। वह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दुनिया की सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। ऑस्ट्रेलिया की मेगन स्कट को पीछे छोड़ा। स्कट के 151 विकेट हैं। दीप्ति के 152 विकेट हो गए हैं।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शेफाली का दुलानी बो निमाशा | 05 | 6 | 1 | 0 |
| कमालिनी पगबाधा को कविशा | 12 | 12 | 2 | 0 |
| हरलीन देओल बो रश्मिका | 13 | 11 | 2 | 0 |
| हरमनप्रीत कौर बो दिलहारी | 68 | 43 | 9 | 1 |
| ऋचा घोष का कौशिनी बो चामरी | 05 | 6 | 1 | 0 |
| दीप्ति शर्मा का निमाशा बो चामरी | 07 | 8 | 0 | 0 |
| अमनजोत का दिलहारी बो रश्मिका | 21 | 18 | 1 | 1 |
| अरुंधति रेड्डी नाबाद | 27 | 11 | 4 | 1 |
| स्नेह राणा नाबाद | 08 | 6 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 09, कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर: 175 रन
गेंदबाजी: मदारा 4-0-37-0, निमाशा 3-0-25-1, कविशा 2-0-11-2, इनोका 4-0-39-0, रश्मिका 4-0-42-2, चामरी 3-0-21-2

| श्रीलंका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हसिनी परेरा बो चरणी | 65 | 42 | 8 | 1 |
| अटापट्टू का दीप्ति बो अरुंधति | 02 | 5 | 0 | 0 |
| इमेशा का शेफाली बो अमनजोत | 50 | 39 | 8 | 0 |
| निलाक्षिका सिल्वा पगबाधा बो दीप्ति | 03 | 5 | 0 | 0 |
| कविशा दिलहारी बो वैष्णवी | 05 | 4 | 1 | 0 |
| हर्षिता का हरलीन बो स्नेह | 08 | 9 | 0 | 0 |
| कौशिनी नुथ्यानग्ना रन आउट | 01 | 3 | 0 | 0 |
| रश्मिका सेवांडी नाबाद | 14 | 8 | 2 | 0 |
| माल्की मदारा नाबाद | 05 | 5 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 07, कुल:20 ओवर में सात विकेट पर: 160 रन
गेंदबाजी: दीप्ति 4-0-28-1, अरुंधति 2-0-16-1 , स्नेह 4-0-31-1, वैष्णवी 4-0-33-1, चरणी 4-0-31-1, अमनजोत 2-0-17-1

## विमेंस टी-20 रैंकिंग

# शेफाली को चार पायदान का फायदा, 10वें नंबर पर जेमि





एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। 21 वर्ष की शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में दूसरे मैच में 34 गेंद में नाबाद 69, तीसरे मैच में 42 गेंद में 79 और चौथे में 46 गेंद में 79 रन बनाए। चौथे टी20 में 80 रन बनाने वाली उपकप्तान स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि जेमिमा रौड्रिग्स एक पायदान खिसककर 10वें स्थान पर हैं।

### शीर्ष पर काबिज दीप्ति

अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं जबकि रेणुका सिंह ठाकुर शीर्ष दस में पहुंच गई है। तीसरे मैच में चार विकेट लेने वाली रेणुका आठ पायदान चढ़कर संयुक्त छठे स्थान पर हैं। भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी 17 पायदान चढ़कर 52चें और वैष्णवी शर्मा 390 पायदान चढ़कर 124वें स्थान पर है । श्रीलंका के लिए खब्बू सलामी बल्लेबाज हसिनी परेरा 114 पायदान चढ़कर 71वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## क्रिकेट

# डब्ल्यूपीएल खेलने से एलीसे और एनाबेल ने किया इनकार



एजेंसी ▶▶| मुंबई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की हरफनमौला एलिस पेरी और दिल्ली कैपिटल्स की अनाबेल सदरलैंड ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से अपना नाम वापस ले लिया।

डब्ल्यूपीएल के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया की हरफनमौला पेरी के स्थान पर भारतीय ऑलराउंडर सायली सतघरे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम में शामिल होंगी, जबकि उनकी हमवतन ऑलराउंडर सदरलैंड के स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स ने ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंग को टीम में शामिल किया है।

डब्ल्यूपीएल के मुताबिक, 'ऑस्ट्रेलिया की हरफनमौला एलिस पेरी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और एनाबेल सदरलैंड (दिल्ली कैपिटल्स) ने निजी कारणों से लीग के आगामी सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है।' उन्होंने कहा,'आरसीबी ने पेरी की जगह सायली सतघारे को टीम में शामिल किया है। सतघारे 30 लाख रुपए की आधार कीमत पर आरसीबी में शामिल होंगी।

### अलाना किंग को टीम में शामिल

दिल्ली कैपिटल्स ने सदरलैंड की जगह अलाना किंग को टीम में शामिल किया है।' उन्होंने कहा, ' ऑस्ट्रेलिया की इस लेग स्पिनर ने पिछले सत्र में यूपी वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 27 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 27 विकेट लिए है। किंग 60 लाख रुपए की आधार कीमत पर दिल्ली की टीम में शामिल होंगी।' यूपी वॉरियर्स बाएं हाथ की तेज गेंदबाज तारा नॉरिस की जगह भी ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर चार्ली नॉट को टीम में शामिल किया है। डब्लयूपीएल के शुरुआती सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने वाली नॉरिस को अगले साल नेपाल में होने वाले महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर के लिए अमेरिका की टीम में शामिल किया गया है।

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मुख्य कोच अजहर महमूद को हटाया

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टेस्ट टीम के मुख्य कोच अजहर महमूद से उनके अनुबंध की समाप्ति से तीन महीने पहले ही अलग होने का फैसला किया है। पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर अजहर का अनुबंध मार्च 2026 तक था, लेकिन उन्हें समय से पहले ही हटा दिया गया है। पाकिस्तान अपना अगला टेस्ट मैच मार्च 2026 में खेलेगा। बोर्ड के सूत्र ने बताया, 'अजहर का अनुबंध मार्च में समाप्त हो रहा है और पाकिस्तान की टीम का टेस्ट दौरा मार्च 2026 से शुरू होगा, इसलिए बोर्ड नए मुख्य कोच के लिए अपनी रणनीति अभी से तैयार करना चाहता है।' अजहर का बोर्ड के साथ दो साल का अनुबंध था। उन्हें पिछले साल टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। सूत्रों के अनुसार पीसीबी ने टेस्ट टीम के लिए नए मुख्य कोच की तलाश शुरू कर दी है और सहायक स्टाफ में भी फेरबदल हो सकता है।



## एसए20: सनराइजर्स ईस्टर्न को लगातार मिले बोनस अंक, डीकॉक ने खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| गक्बेरहा

आक्रामक बल्लेबाज क्विंटन डीकॉक ने 47 गेंदों में 77 रन की तूफानी पारी खेली, जिससे सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रिटोरिया कैपिटल्स को 48 रन से हराकर बोनस अंक हासिल किया। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 188 रन बनाए। कैपिटल्स की टीम इसके जवाब में 18 ओवर में 140 रन पर आउट हो गई। सनराइजर्स ने लगातार दूसरे मैच में बोनस अंक हासिल किया और उसके अब 10 अंक हो गए हैं।



कैपिटल्स की टीम दो मैचों के बाद भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। डीकॉक ने अपनी पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाए। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो के जल्दी आउट होने के बाद मैथ्यू ब्रीत्जके (33 गेंदों में 52 रन, सात चौके, एक छक्का) के साथ 70 गेंदों में 116 रन की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा शानदार फॉर्म में चल रहे जॉर्डन हरमन (20 गेंदों में 37 रन, पांच चौके, एक छक्का) ने भी उपयोगी योगदान दिया। सनराइजर्स के मार्को यानसन, एडम मिल्ने और एनरिक नोर्किया की तेज गेंदबाजी की तिकड़ी ने इसके बाद कैपिटल्स के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया। कैपिटल्स की तरफ से विल स्मीड ने 35 और शाई होप ने 36 रन बनाए। सनराइजर्स की तरफ से मिल्ने ने 25 रन देकर चार विकेट लिए।

## कार्लसन को हराया, हासिल किए 10 अंक

# विश्व ब्लिट्ज : एरिगैसी ने खेला मजबूत एंडगेम

एजेंसी ▶▶| दोहा

भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने अपने मजबूत एंडगेम और त्वरित गणना करने के कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के पहले दिन संयुक्त बढ़त हासिल की।

इसके बाद एरिगैसी ने एक अन्य शीर्ष ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को भी हराया और तीन अन्य गेम ड्रॉ किए। इस तरह से एरिगैसी ने पहले दिन 10 अंक हासिल किए और वह मैक्सिम वाचियर लाग्रेव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।



### कार्लसन ने मेज पर मारकर बुरी तरह हिलाया

एरिगैसी ने शानदार खेल दिखाया जबकि कार्लसन को नौवें दौर में तनावपूर्ण एंडगेम में हार का सामना करना पड़ा। एरिगैसी के पास सिर्फ नौ सेकंड जबकि कार्लसन के पास तीन सेकंड बचे थे। नॉर्वे का खिलाड़ी जैसे ही रानी को चलने वाला था, मोहरा उनके हाथ से फिसलकर मेज से बाहर जा गिरा। संयोग से तब अलेक्जेंडर ग्रिशुक वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने जल्दी से रास्ते से हटने की कोशिश की। जब तक कार्लसन ने अपनी रानी उठाई और उसे वापस बोर्ड पर रखा, तब तक उनका समय समाप्त हो चुका था।

### खेले जाएंगे छह और राउंड

शीर्ष पर काबिज खिलाड़ियों से ठीक पीछे छह खिलाड़ी हैं, जिनके समान 9.5 अंक हैं। विश्व ब्लिट्ज 2024 के सह-चैंपियन कार्लसन और इयान नेपोम्नियाची के संभावित 13 में से नौ अंक हैं। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए छह और राउंड खेले जाएंगे, जिसके बाद फाइनल होगा।

### हम्पी 61वें स्थान पर खिसकी

इस बीच महिला वर्ग में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरु हम्पी रविवार को रैपिड वर्ग में कांस्य पदक जीतने के दौरान दिखाए गए अपने प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकीं और 10 राउंड के बाद संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर खिसक गईं। उनका दिन पांच अंकों के साथ समाप्त हुआ, जहां उनके साथ चीन की ग्रैंडमास्टर टैन झोंगयी भी हैं। महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख छह अंकों के साथ संयुक्त रूप से 30वें स्थान पर हैं जबकि ग्रैंडमास्टर डी हरिका और आर वैशाली के समान 5.5 अंक हैं। महिला वर्ग में पांच और राउंड खेले जाएंगे, जिनमें से शीर्ष चार खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेंगे और उसके बाद फाइनल होगा।




# दुनियाभर में विविध प्रकारों से करते हैं नववर्ष का स्वागत



नई दिल्ली। दुनियाभर में लोग नव वर्ष का स्वागत पार्टियों, आतिशबाजी, संगीत, और खास परंपराओं के साथ करते हैं, जैसे स्पेन में 12 अंगूर खाना, डेनमार्क में प्लेटें तोड़ना, फिलीपींस में गोल फल रखना, और ब्राजील में शांति के लिए सफेद कपड़े पहनना, ताकि बुरी शक्तियों को दूर भगाया जा सके और सौभाग्य, समृद्धि, और नई शुरुआत का स्वागत किया जा सके, जिसमें किरिबाती द्वीप समूह में सबसे पहले नया साल मनाया जाता है।

**स्पेन और लैटिन अमेरिका:** आधी रात को घड़ी की हर टिक-टिक के साथ 12 अंगूर खाने की परंपरा, जो हर महीने के लिए एक अंगूर होता है।

**फिलीपींस:** धन और समृद्धि के प्रतीक के रूप में 12 गोल फल (जैसे संतरे, तरबूज) रखना और गोल-गोल पैटर्न वाले कपड़े पहनना।

**डेनमार्क:** दोस्तों और पड़ोसियों के दरवाजों पर पुरानी प्लेटें और बर्तन फेंकना, जो सौभाग्य का प्रतीक है, और नए साल पर प्लेटें तोड़ना।

**ब्राजील:** समुद्र तट पर सफेद कपड़े पहनकर देवी येमांजा को फूल और उपहार भेंट करना, और नए साल में शांति लाने के लिए अलग-अलग रंगों के अंडरवियर पहनना (पीला - धन, लाल - प्यार)।

## दुनिया भर की कुछ अनोखी परंपराएं



**स्कॉटलैंड:** नए साल के दिन घर में सबसे पहले आने वाले व्यक्ति को 'फर्स्ट फुट' कहते हैं, जो घर में सौभाग्य लाता है, अक्सर उपहारों के साथ।

**रोमानिया:** भालू की वेशभूषा पहनकर (भालू का नृत्य) करना, ताकि बुरी आत्माओं को डराया जा सके।



### सामान्य उत्सव

**आतिशबाजी:** दुनिया भर में आतिशबाजी का प्रदर्शन होता है, जो बुरी शक्तियों को दूर भगाने का प्रतीक है (जैसे सिडनी हार्बर, न्यूयॉर्क टाइम्स स्क्वायर)।

**पार्टियाँ और संगीत:** लोग नाच-गाना करते हैं, संगीत सुनते हैं और दोस्तों-परिवार के साथ जश्न मनाते हैं।

**नए साल के संकल्प:** लोग अपने संकल्प लेते हैं और बुरी यादों को छोड़कर नई शुरुआत करते हैं।

### सबसे पहले और सबसे आखिर में

**सबसे पहले:** प्रशांत महासागर में स्थित किरिबाती द्वीप समूह में सबसे पहले नया साल आता है।

**सबसे आखिर में:** संयुक्त राज्य अमेरिका के अमेरिकी समोआ और हाउलैंड द्वीप में सबसे अंत में नया साल आता है।

# पत्थर की मूर्ति नहीं...जिंदा मजबूरी सच्चाई जान छलक पड़े लोगों के आंसू

नई दिल्ली। सड़क किनारे बैठी एक 'मूर्ति' को लोग चुपचाप देखते, फोटो खींचते और पैसे रखकर आगे बढ़ जाते हैं, लेकिन जैसे ही हकीकत सामने आती है, एहसास होता है कि यह पत्थर नहीं, बल्कि एक जिंदा महिला की खामोश मजबूरी है। यही वीडियो सोशल मीडिया पर लोगों के दिल को झकझोर रहा है। सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने देखने वालों को पहले हैरान किया और फिर इमोशनल कर दिया। वीडियो में सड़क किनारे बैठी एक महिला पूरी तरह से मूर्ति जैसी दिखाई देती है। उसका शरीर सिल्वर रंग से पुता हुआ है, चेहरा दुल्हन जैसे श्रृंगार में सजा है और गोद में एक छोटा बच्चा दिखाई देता है। राह चलते लोग उसे मूर्ति समझकर कुछ पल रुकते हैं, देखते हैं, फोटो लेते हैं और कई लोग उसके सामने पैसे भी रख देते है। पहली नजर में यह किसी आर्ट गैलरी या स्ट्रीट शो जैसा लगता है, लेकिन सच्चाई कुछ और ही है। यह कोई पत्थर या धातु की मूर्ति नहीं, बल्कि एक जिंदा महिला है।

## मूर्ति नहीं, एक जिंदा इंसान की खामोश कहानी

कहते हैं गरीबी और हालात इंसान से बहुत कुछ करवा देते है। इस वीडियो में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिलता है।



महिला पूरी तरह शांत मुद्रा में बैठी रहती है, आंखें स्थिर, शरीर अकड़ा हुआ और चेहरे पर कोई भाव नहीं। देखने वाले बहुत देर तक समझ ही नहीं पाते कि सामने बैठी यह आकृति कोई जिंदा इंसान है। वीडियो में कुछ लोग उसे असली मूर्ति समझते हैं, तो कुछ लोग शक करते हुए ध्यान से देखने लगते है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com